# देशबन्धु

वर्ष – 7 । अंक – 348 । नर्मदापुरम, बुधवार 26 मार्च 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

हत्या के मामले में तीन को आजीवन कारावास एवं जुर्माना – पृष्ठ 2
▸ एक कॉमेडियन से सरकार का डरना अपने आप में कॉमेडी है
▸ श्रम संहिताओं के खिलाफ दो महीने का अभियान शुरू, 20 मई को हड़ताल – पृष्ठ 4
▸ स्कूल से अनुपस्थित होने के बाद भी शिक्षिका ने लिया वेतन – पृष्ठ 6
सरकार हर कदम पर नागरिकों के साथ – पृष्ठ 8

लोकसभा में वित्त विधेयक पर चर्चा, विपक्ष ने सरकार पर लगाया आरोप

# बजट राज्यों के साथ भेदभाव करने वाला

- हर सेकेंड में एक युवा बेरोजगार हो रहा है
- किसानों को मुआवजा देने की हुई मांग





**नई दिल्ली, देशबन्धु।** विपक्ष ने मंगलवार को आरोप लगाया कि सरकार का बजट राज्यों के साथ भेदभाव एवं दमन करने वाला और किसानों एवं युवाओं के शोषण को बढ़ावा देने वाला है जबकि सत्ता पक्ष ने कहा कि सरकार वित्तीय अनुशासन एवं मुद्रास्फीति पर नियंत्रण रखते हुए बुनियादी ढांचे के विकास के साथ भारत को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने की ओर अग्रसर है। लोकसभा में वित्त विधेयक पर चर्चा के दौरान कांग्रेस के के सी वेणुगोपाल ने कहा कि सरकार ने बजट में बुजुर्ग पेंशनरों में भेदभाव किया है। उन्होंने विभिन्न विभागों के व्यय योजना में कटौती किए जाने की आलोचना की।

कांग्रेस की एस जोतमणि ने कहा कि सरकार ने पेट्रोलियम पदार्थों पर टैक्स के माध्यम से तीन लाख करोड़ रुपए की कमाई की है। इस पैसे का क्या इस्तेमाल हुआ, यह नहीं बताया है। देश में बेरोजगारी की दर आठ प्रतिशत है। हर सेकेंड में एक युवा बेरोजगार हो रहा है। स्थिर रोजगार समाप्त हो रहे हैं। लोगों को ठेके पर कम वेतन में अधिक काम करने को मजबूर किया जा रहा है। जीएसटी की दरें बढ़ती जा रही हैं। कृषि विकास की बात कही जा रही है, पर किसान में कर्ज़ में डूबता जा रहा है। छब्बीस लाख करोड़ रुपए का कर्ज कॉरपोरेट घरानों पर बकाया था उसे माफ कर दिया गया है लेकिन किसानों के कर्ज के बारे में कोई चिंता नहीं है क्योंकि किसान चुनावी बॉण्ड नहीं खरीदता है। इसी प्रकार से छात्रवृत्तियों में 60 प्रतिशत अल्पसंख्यकों को बाहर कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट वास्तव में राज्यों के साथ भेदभाव करने वाला और उनका दमन करने वाला एक रणनीतिक औज़ार है। यह देश का अमृत काल नहीं विघटन काल है। लोकसभा में सदस्यों ने किसानों को मुआवजा देने का मुद्दा उठाते हुए आज कहा कि सरकार को किसानों के हित में प्राथमिकता के साथ कदम उठाते हुए उन्हें तत्काल मुआवजा देने की व्यवस्था करनी चाहिए। समाजवादी पार्टी के अवधेश प्रसाद ने कहा कि अयोध्या भगवान राम की धरती है लेकिन वहां किसानों को उजाड़ा जा रहा है। रामपथ बनाने के लिए अयोध्या के किसानों की करोड़ों की जमीन कौड़ी के भाव खरीदी गई है लेकिन किसानों को उसका मुआवजा तक नहीं मिला है। सपा की इकरा चौधरी ने सहारनपुर में किसानों की जमीन का मुद्दा उठाया और कहा कि सरकार ने विकास के लिए उनकी जमीन निर्माण कार्य के लिए ले ली है लेकिन उनको मुआवजा नहीं दिया जा रहा है।

वित्त मंत्री का जवाब

# करदाताओं को राहत देने वाला बजट



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** लोकसभा ने 35 सरकारी संशोधनों को शामिल करने के बाद वित्त विधेयक 2025 पारित कर दिया। इससे पहले, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त विधेयक 2025 को करदाताओं के लिए अभूतपूर्व कर राहत देने वाला बताया।

लोकसभा में बोलते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि इस विधेयक के जरिए मध्यम वर्ग और व्यवसायों को राहत मिलने की उम्मीद है। इस दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में महत्वपूर्ण कर सुधारों का संकेत दिया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय आर्थिक अनिश्चितता को दूर करने के लिए ऑनलाइन विज्ञापनों पर लगने वाला समानीकरण शुल्क समाप्त किया जाएगा। इसके साथ ही वित्त मंत्री ने बताया कि एक लाख करोड़ रुपए के राजस्व नुकसान के बावजूद 2025–26 में व्यक्तिगत आयकर संग्रह में 13.14 फीसदी की वृद्धि का अनुमान यथार्थवादी है। इससे पहले तृणमूल कांग्रेस सांसदों ने संसद परिसर में प्रदर्शन किया। सांसद केंद्र पर पश्चिम बंगाल को मनरेगा के लिए मिलने वाला फंड रोकने का आरोप लगा रहे थे।

## सार-समाचार

### मनरेगा पर राहुल-प्रियंका का संसद भवन में प्रदर्शन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी , वायनाड की सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा तथा केरल के अन्य सांसदों ने संसद भवन परिसर में मंगलवार को मनरेगा से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी सांसदों ने कहा कि मनरेगा के नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है और उसके हिसाब से श्रमिकों को मजदूरी नहीं मिल रही है। केरल के विपक्षी दलों के सांसदों ने मनरेगा मजदूरी की केरल में घोर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए इसका तीखा विरोध किया।

### भारत-चीन ने सीमा प्रबंधन को लेकर विचार-विमर्श किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत एवं चीन के राजनयिकों ने आज बीजिंग में सीमा पार नदियों के डाटा के आदान–प्रदान और कैलाश–मानसरोवर यात्रा की शीघ्र बहाली सहित सीमा प्रबंधन को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न उपायों पर विचार–विमर्श किया। भारत–चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय के लिए कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की 33 वीं बैठक मंगलवार को बीजिंग में आयोजित की गई थी। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संयुक्त सचिव (पूर्वी एशिया) गौरांगलाल दास ने किया जबकि चीनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वहां के विदेश मंत्रालय के सीमा एवं महासागरीय मामलों के विभाग के महानिदेशक होंग लियांग ने किया।

### बिहार बोर्ड रिजल्ट में बेटियों ने फिर मारी बाजी

**पटना, एजेंसी।** बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। इसमें एक बार फिर बेटियों ने बाजी मारी है। इस बार भी तीनों स्ट्रीम आर्ट्स, कॉमर्स और साइंस में छात्राओं ने शीर्ष स्थान हासिल कर अपने प्रदर्शन का लोहा मनवाया है। आर्ट्स स्ट्रीम में अंकिता कुमारी और शाकिब शाह, साइंस स्ट्रीम में प्रिया जायसवाल और कॉमर्स स्ट्रीम में रोशनी कुमारी ने टॉप किया। रिजल्ट में 86.56 फीसदी छात्र–छात्राएं सफल हुए हैं।

### कठुआ में छिपे आतंकवादियों की तलाश जारी

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू–कश्मीर के कठुआ जिले में छिपे हुए आतंकवादियों के खिलाफ चल रहा अभियान मंगलवार को तीसरे दिन भी जारी है। अभियान के दौरान हथियार और गोला–बारूद बरामद किया गया है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया था कि हीरानगर के सान्याल इलाके में फिर से गोलीबारी की आवाज सुनी गई, यहीं 23 मार्च शाम को सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान शुरू किया था। अधिकारियों ने कहा, सोमवार को घटनास्थल से गोला–बारूद बरामद किया गया, इलाके की अभी भी घेराबंदी की गई है।

### युवा कांग्रेस ने किया बेरोजगारी के खिलाफ संसद का घेराव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** युवा कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर चंद पूंजीपतियों के लिए काम करने का आरोप लगाते हुए केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ मंगलवार को संसद के घेराव के लिए मार्च किया और कहा कि देश का युवा हक की लड़ाई लड़ रहा है और युवा संगठन इस लड़ाई को सडक से संसद तक लड़ेगा। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए आज यहां कहा कि सरकार सिर्फ अरबपतियों के लिए काम कर रही है और बेरोज़गारी, नशाखोरी, अग्निवीर और केंद्र सरकार की नाकामियों के खिलाफ अब सिर्फ़ सड़क से लेकर संसद तक युवा कांग्रेस की नौकरी दो, जंजीरें नहीं नारे की आवाज ही गूंजेगी।

### 5 सौ जनरक्षक पीसीआर वैन की जाएगी आबंटित

**गांधीनगर, एजेंसी।** गुजरात के जिलों में अंतिम छोर के लोगों को त्वरित इमरजेंसी रिस्पॉन्स मिल सके, इसके लिए 500 नई जनरक्षक पीसीआर वैन आवंटित की जाएगी। सरकारी सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि गुजरात के सभी नागरिकों को एक ही नंबर पर सभी इमरजेंसी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए वर्ष 2019 में 112 ईआरएसएस (इमरजेंसी रिस्पॉन्स सपोर्ट सिस्टम) हेल्पलाइन नंबर की घोषणा की गई थी।

मोदी ने मुख्यमंत्री को दी जन्मदिन की बधाई, कहा-

# नवाचारों से बेहतर हुआ प्रदेशवासियों का जीवन





मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री, केन्द्रीय मंत्रियों और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों का आभार जताया

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को उनके जन्म दिवस की बधाई देते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा किए गए नवाचारों से प्रदेशवासियों का जीवन बेहतर हुआ है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि यही कामना है कि ईश्वर मुख्यमंत्री डॉ. यादव को दीर्घ और स्वस्थ जीवन प्रदान करें और वे जन सेवा में इसी प्रकार निरंतर सक्रिय रहे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की डबल इंजन सरकार विकास और सुशासन के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने बाबा महाकाल से मुख्यमंत्री डॉ. यादव के उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन की मंगलकामना की है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने बधाई संदेश में कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कुशल नेतृत्व में मध्यप्रदेश विकास और उन्नति के नव शिखर को स्पर्श करे, यही कामना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित केंद्रीय मंत्रियों का आभार माना।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता, हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सहित विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री ने बधाई दी। मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा, हितानंद शर्मा सहित कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों और संगठन पदाधिकारी ने जन्म दिवस की बधाई दी।

मुख्यमंत्री ने उज्जैन में 26 औद्योगिक इकाइयों का किया लोकार्पण-भूमिपूजन, बोले-

# व्यापार में वचन का सर्वाधिक महत्व



- 5 हजार से अधिक युवाओं को मिलेगा रोजगार
- 73 इकाइयों को 441 करोड़ की निवेश प्रोत्साहन राशि प्रदान की

**उज्जैन/भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन में हुई पहली क्षेत्रीय औद्योगिक समिट के बाद प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित निवेशक सम्मेलनों विशेषकर भोपाल में ग्लोबल औद्योगिक समिट में प्राप्त निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारकर प्रदेश में नई औद्योगिक इकाइयां स्थापित की जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन विकसित भारत को साकार करने प्रदेश में 1127.24 करोड़ रुपए के निवेश से 26 विभिन्न औद्योगिक परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण कर विकास का एक नया इतिहास लिखा जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि व्यापार वचन से होता है, व्यापार में वचन का ही सर्वाधिक महत्व है। सरकार औद्योगिकरण और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए दिए गए वचनों को पूरा करने संपूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को विक्रम व्यापार मेला उज्जैन में आयोजित औद्योगिक इकाइयों के लोकार्पण एवं भूमि–पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह परियोजनाएं उज्जैन को एक नया औद्योगिक आयाम देंगी, जिससे क्षेत्र का औद्योगिक और आर्थिक विकास होगा। इन इकाइयों से हमारे लगभग 5046 युवाओं को रोजगार प्राप्त हो सकेगा। स्वच्छ भारत की परिकल्पना को समाहित कर प्रदेश में स्थित भारत के सबसे स्वच्छ औद्योगिक पार्क विक्रम उद्योगपुरी में 28 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित अत्याधुनिक सामान्य अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र का लोकार्पण भी किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंगल क्लिक से प्रदेश की 73 औद्योगिक इकाइयों को 441 करोड़ की निवेश प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के आशीर्वाद से प्रदेश को नंबर 1 बनायेंगे। प्रदेश में वर्ष 2025 उद्योग और रोजगार वर्ष घोषित किया गया है। हमने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देने का जो सपना देखा है, वो साकार हो रहा है। व्यापार को बढ़ावा देने के लिए उज्जैन, इंदौर, देवास, धार, शाजापुर जिलों को मिलाकर एक नए मेट्रोपॉलिटन सिटी बनाने की कार्य योजना पर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में भोपाल, नर्मदापुरम, रायसेन और विदिशा को भी मेट्रोपॉलिटन सिटी बनाया जाएगा। जबलपुर, ग्वालियर और उनके आस–पास के जिलों का भी विकास मेट्रोपॉलिटन सिटी के रूप में भविष्य में किया जाएगा। इससे व्यापार और निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन में विक्रमोत्सव–2025 का आयोजन भी किया जा रहा है। विक्रम व्यापार मेले में भी व्यापार व्यापक स्तर पर हो रहा है और बहुत अधिक संख्या में गाड़िया बिक रही है। अगले कुछ वर्षों में हम भव्य स्तर पर सिंहस्थ–2028 महापर्व का भी आयोजन करेंगे। आस्था का ये महाकुंभ अर्थव्यवस्था को गति देने में इतिहास लिखेगा और उज्जैन को प्रमुख वैश्विक धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करेगा। इस वर्ष 4 लाख 21 हजार करोड़ रुपए का बजट प्रस्तुत किया गया है। बजट में सिंहस्थ के लिए 2 हजार करोड़ से अधिक का प्रावधान किया है, जो आधारभूत संरचनाओं का निर्माण करने के कार्य के लिए है। लाड़ली बहना हमारे प्रदेश का गौरव है, बजट में लाड़ली बहनों का विशेष ध्यान रखा गया है।

कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, प्रदेश वक्फ बोर्ड अध्यक्ष सनवर पटेल, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव,जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कमला कुंवर, उद्योगपति संजय बांगड़ सहित अन्य उद्योगपति एवं जन–प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वागत भाषण प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेंद्र सिंह ने दिया।

# दंतेवाड़ा में मुठभेड़, 5 नक्सलियों को किया ढेर

- हथियार और गोला-बारूद बरामत
- रविवार को 22 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया था

**दंतेवाड़ा, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में मंगलवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार, सुरक्षाबलों ने पांच नक्सलियों को मार गिराया है। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल से हथियार और गोला–बारूद के साथ पांच शव बरामद किए हैं। दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के बॉर्डर के उसपरी जंगलों में मुठभेड़ और सर्च ऑपरेशन जारी है। बीजापुर और नारायणपुर इलाके में हाल ही में नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए बड़े अभियान के बाद रविवार को 22 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया था। इनमें से छह नक्सलियों पर कुल 11 लाख रुपए का इनाम था। सभी ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सीआरपीएफ के डीआईजी देवेंद्र सिंह नेगी के समक्ष आत्मसमर्पण किया था। अधिकारी ने कहा था, रविवार को 22 व्यक्तियों ने माओवादी विचारधारा को त्याग दिया है और मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं। हम उनका तहे दिल से स्वागत करते हैं। बीजापुर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल पूरे क्षेत्र में नए शिविर स्थापित कर रहे हैं और साथ ही सड़कों और स्वास्थ्य सुविधाओं सहित बुनियादी ढांचे में भी सुधार कर रहे हैं। नतीजतन, जनता की धारणा बदल रही है और अधिक लोग प्रशासन के साथ जुड़ रहे हैं। इन शिविरों की स्थापना का पूरे क्षेत्र पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।


## बिहार विधानसभा में आरक्षण के मुद्दे पर हंगामा

**पटना, एजेंसी।** बिहार विधानमंडल में आरक्षण के मुद्दे को लेकर आज मंगलवार को हंगामा हुआ। राजद के विधायक और एमएलसी ग्रीन कलर की टीशर्ट पहनकर पहुंचे हैं। टीशर्ट पर लिखा है– तेजस्वी सरकार के समय बिहार में बढ़ी 65 फीसदी आरक्षण को नौवीं अनुसूची में शामिल करो।आरक्षण चोर भाजपा–एनडीए जवाब दो। विधान परिषद में विपक्षी सदस्यों के टीशर्ट को देखकर मुख्यमंत्री भड़क गए। उन्होंने टीशर्ट पर लिखे स्लोगन को पढ़ते हुए राबड़ी देवी से बैठने को कहा। सीएम ने कहा– आपका क्या है, सब आपके हसबैंड का किया हुआ है। इस बेचारी को कुछ पता है। मैं तो यही पूछ रहा हूं कि क्यों इसे (स्लोगन वाले टीशर्ट) पहन कर आए हैं। इस दौरान राबड़ी देवी बीच–बीच में उनके बयान का विरोध करती रहीं।

श्रीनगर में प्राकृतिक सुंदरता के सफल प्रदर्शन की उम्मीदें पूर्ण

# ट्यूलिप गार्डन में 17 लाख से ज्यादा फूलों को निहारेंगे पर्यटक

सुरेश एस डुग्गर



**जम्मू, देशबन्धु।** जैसे–जैसे एशिया के सबसे बड़े ट्यूलिप गार्डन का उद्‌घाटन का दिन नजदीक आ रहा है, उत्साह का माहौल है, प्राकृतिक सुंदरता के सफल प्रदर्शन की उम्मीदें बहुत अधिक हैं। बागवान उत्साहित हैं और एक सफल शो की उम्मीद कर रहे हैं, क्योंकि वे इस शानदार शो को सफल बनाने के लिए पिछले कई महीनों से कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

26 मार्च को ट्यूलिप गार्डन का उद्‌घाटन हो जा रहा है और बहुप्रतीक्षित ट्यूलिप शो न केवल अपने शानदार प्रदर्शन के लिए ध्यान आकर्षित करने की संभावना है, बल्कि बगीचे में खिलने के लिए तैयार 1.7 मिलियन ट्यूलिप के बीच 5 नई किस्मों को भी शामिल करेगा, जैसा कि अधिकारियों ने पहले बताया था। फ्लोरीकल्चर के आयुक्त सचिव ने बताया कि एशिया के सबसे बड़े ट्यूलिप गार्डन ने मौजूदा उद्यान क्षेत्र का विस्तार करने के अलावा इस साल पांच और नई ट्यूलिप किस्मों को शामिल किया है, जिससे ट्यूलिप किस्मों की कुल संख्या 73 हो गई है। उन्होंने कहा कि 1.7 मिलियन ट्यूलिप खिलने के लिए तैयार हैं। आगामी सीजन में, जिसका जमीनी कार्य पूरा हो चुका है, उन्होंने कहा कि विभाग ने आगंतुकों के लिए एक सहज अनुभव सुनिश्चित करने के लिए ट्यूलिप गार्डन में पार्किंग स्थल के लिए अतिरिक्त चार कनाल भूमि भी जोड़ी है। पत्रकारों से बात करते हुए ट्यलिप गार्डन के मालियों और बागवानों का कहना था कि निराई–गुड़ाई की प्रक्रिया खत्म हो चुकी है। उन्होंने कहा कि एक सफल ट्यूलिप गार्डन शो की प्रक्रिया जारी है और हमने शो में ट्यूलिप की और भी किस्में जोड़ी हैं। 19 साल से अधिक समय से श्रीनगर के ट्यूलिप गार्डन में काम कर रहे माली गुलाम मोहम्मद वानी के बकौल काम नवंबर के महीने में शुरू होता है।

## ओडिशा विधानसभा में 12 कांग्रेस विधायक निलंबित

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा विधानसभा अध्यक्ष सुरमा पाढ़ी ने मंगलवार को सदन में अभद्र व्यवहार करने तथा विधायी कार्यवाही में बाधा डालने के कारण 12 कांग्रेस विधायकों को सात कार्य दिवसों के लिए निलंबित कर दिया। अध्यक्ष ने 12 कांग्रेस विधायकों को निलंबित करने की घोषणा की, तब शेष कांग्रेस विधायक तारा प्रसाद बहिनीपति तथा रमेश चंद्र जेना दोनों ही सदन में अनुपस्थित थे। अध्यक्ष ने निलंबित विधायकों को सदन से बाहर जाने का निर्देश दिया। निलंबित विधायकों ने हालांकि सदन छोड़ने से इनकार कर दिया। विपक्षी कांग्रेस सदस्यों के हंगामे के कारण सदन को दो बार 15–15 मिनट के लिए स्थगित किए जाने के बाद भी वे सदन में ही झांझ बजाते रहे।

# जज के घर कैश मामले में 'राडार' पर 5 पुलिसकर्मी

- जांच समिति के सदस्यों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया
- पुलिस आयुक्त ने जांच में सहयोग को कहा

• जोगेंद्र सोलंकी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के घर आग लगने के दौरान कैश मिलने के मामले में नया मोड़ आ गया है। इस मामले में जज के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट की तरफ से तीन जजों की समिति जांच कर रही है। इस बीच मामले में अब दिल्ली पुलिस के 5 कर्मी भी राडार पर आ गए हैं। दरअसल, इन पांचों पुलिसकर्मी का कनेक्शन दिल्ली हाई कोर्ट के जज यशंवत वर्मा के घर आग लगने से जुड़ रहा है। जाँच कमेटी के तीनों सदस्य न्यायमूर्ति वर्मा के दिल्ली स्थित 30, तुगलक क्रीसेंट स्थित आधिकारिक आवास पर पहुंचे। और करीब 45 मिनट तक जांच के बाद वापस चले गए।

सूत्रों ने बताया कि 14 मार्च की रात दिल्ली हाई कोर्ट के जज यशवंत वर्मा के आवास पर आग लगने की घटना के दौरान सबसे पहले यही पुलिस वाले मौके पर थे। रिपोर्ट के अनुसार अब इन पांच पुलिसकर्मियों ने अपने फोन दिल्ली पुलिस मुख्यालय को सौंप दिए हैं।

उच्च पदस्थ सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि कि इन उपकरणों का इस्तेमाल भारत के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की तरफ से गठित जजों की तीन सदस्यीय समिति की तरफ से की जा रही जांच में किया जाएगा। समिति का गठन आग लगने के दौरान कथित तौर पर नकदी मिलने के मद्देनजर किया गया है। सूत्रों ने बताया कि सोमवार की सुबह तुगलक रोड थाने के स्टेशन हाउस ऑफिसर समेत पांच पुलिसकर्मियों को दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा ने अपने ऑफिस में बुलाया। पता चला है कि अरोड़ा ने उनसे पूछताछ में सहयोग करने और कोई भी जानकारी देने में संकोच न करने को कहा। पांच पुलिसकर्मियों में एसएचओ, एक सब–इंस्पेक्टर, दो हेड कांस्टेबल और एक कांस्टेबल शामिल हैं। हेड कांस्टेबल में से एक जांच अधिकारी (आईओ) भी है।

### आग लगने के कारणों के बारे में जानकारी मांगी

बताया जा रहा है कि दिल्ली पुलिस ने सोमवार को दिल्ली दमकल सेवा को पत्र लिखकर आग लगने के कारणों के बारे में जानकारी मांगी है। यह आग दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित आवास से सटे स्टोर रूम में लगी थी।

## नर्मदा नियरे

### सार-समाचार

### आज अग्रवाल भवन में लगेगी आदिवासी अंचल के उत्पादों की प्रदर्शनी

**इटारसी, देशबन्धु।** वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई इटारसी और भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में अग्रवाल भवन में एक प्रदर्शनी का आयोजन 26 मार्च बुधवार को किया जाएगा। इसमें मुंबई से लेकर पिपरिया, नर्मदापुरम, इटारसी और आदिवासी अंचल के उत्पाद प्रस्तुत किये जाएंगे। संगठन की अध्यक्ष श्रद्धा अग्रवाल ने बताया कि इस प्रदर्शनी में सभी प्रकार की ज्वेलरी, गारमेंट्स, कॉस्मेटिक, होम केयर, स्किन केयर, हैंडलूम, काउ डंग प्रोडक्ट, ऑर्गेनिक तथा हर्बल प्रोडक्ट के साथ-साथ बहुत से आइटम की लंबी रेंज बहुत ही कम कीमत पर उपलब्ध रहेगी। प्रदर्शन का समय सुब्ह 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक रहेगा।

### सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम अंतर्गत दिया युवाओं को तीन दिवसीय प्रशिक्षण

**इटारसी, देशबन्धु।** नर्मदापुरम जिले के विकासखंड केसला के जनपद शिक्षा केंद्र में 21 मार्च 24 मार्च तक जनजातीय कार्यविभाग मध्य प्रदेश शासन एवं मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड के आसपास के गांव से चयनित स्वयंसेवक सामुदायिक युवाओं को तीन दिवस का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में युवाओं के साथ जीवन कौशल कार्यक्रम को लेकर समझ बनाई गई। बाल संरक्षण और असुरक्षा एवं बाल दुर्व्यवहार, हमारा संविधान, शाला प्रबंध समिति, बाल कैबिनेट, शिक्षा का अधिकार, बाल अधिकार जैसे अन्य बिन्दुओं पर प्रशिक्षण दिया गया और जेजे एवं पॉक्सो एक्ट की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम के ब्लॉक मैनेजर विद्या रैकवार, जिला समन्वय निष्ठा सौदावत ने दिया। अत: जनपद शिक्षा केंद्र से बीआरसी कृष्ण कुमार शर्मा और बीएसी रत्ना सोनिया का सहयोग सराहनीय रहा।

### ग्रामीण रास्ते पर राहगीरों को शीतल जल देने शुरू किया प्याऊ



**इटारसी, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल ने सोनासांवरी-सांवलखेड़ा मार्ग पर ग्राम साकेत में राहगीरों की सुविधा के लिए सार्वजनिक प्याऊ प्रारंभ किया है। इसका शुभारंभ आज भाजपा की जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने किया।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष भूपेन्द्र चौकसे, भाजपा जिला महामंत्री प्रसन्ना हरणे, जिला मंत्री ज्योति चौरे, मंडल अध्यक्ष गोकुल पटेल, सरपंच श्रीमती मृदुल लता पटेल, जनपद सदस्य वंदना सगोरिया, निमसाड़िया सरपंच बालेंद्र पटेल, उपसरपंच चिमन पटेल, बाई खेड़ी सरपंच सुनील चौधरी, रैसलपुर उपसरपंच बृजेश चौरे, बीसारोड़ा के मुकेश चौरे, मनोज पटेल, मंडल के विनोद वर्मा, हिमाचल सिंह, कृपाराम फौजदार, योगेश सोनी सहित अनेक ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम संयोजक एवं मंडल अध्यक्ष गोकुल पटेल ने बताया कि इस मुख्य मार्ग से दो दर्जन गांवों के ग्रामीणजन आवागमन करते हैं। अत: गर्मी के दिनों में उन्हें ठंडे पानी की निशुल्क व्यवस्था देने के लिए हमने यह प्याऊ प्रारंभ की है।

### चोरों ने रात के अंधेरे में खेत से चुरा ले गए मोटर, पीड़ित ने थाने में दर्ज की शिकायत



**सिवनी मालवा, देशबन्धु।** ग्राम खरार के खेत में लगी मोटर पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। खेत मालिक मंगलवार को अपने खेत पहुंचे तो उन्होंने देखा कि मोटर गायब है, जिसके बाद उनके द्वारा थाना सिवनी मालवा में उप निरीक्षक रविन्द्र मिश्रा को शिकायती आवेदन दिया। बताया कि बलराम रघुवंशी पिता धंसीराम रघुवंशी निवासी ग्राम खरार तहसील सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम निवासी के स्वामित्व आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम खरार तहसील सिवनी मालवा में दर्ज है। उक्त भूमि में फसल सिंचाई हेतु 7.5 एचपी की की मोटर लगी हुई थी जिसे सोमवार की रात में किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ली गई है। उन्होंने ढूंढने की बहुत कोशिश की परन्तु कहीं पर भी नहीं मिली।

### प्रयागराज ने सिवनी बानापुरा को हराकर सेमीफाइनल में जगह

**बैतूल, देशबन्धु।** लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम, कोठी बाजार में चल रहे अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट राजीव कप के पहले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में प्रयागराज ने दमदार प्रदर्शन करते हुए सिवनी बानापुरा को 69 रन से शिकस्त दी और सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। मैच की शुरुआत में प्रयागराज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। कप्तान अखिल और ऋषभ सिंह ने शानदार पारियां खेलते हुए 71-71 रन बनाए, जिससे टीम ने 35 ओवर में 287 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। सिवनी बानापुरा के गेंदबाज प्रखर ने 3 विकेट और अभिनव ने 2 विकेट चटकाए, लेकिन प्रयागराज के बल्लेबाजों को रोकने में नाकाम रहे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिवनी बानापुरा की टीम 217 रन पर ऑलआउट हो गई।

# हत्या के मामले में तीन को आजीवन कारावास एवं जुर्माना

**इटारसी, देशबन्धु।** तृतीय जिला एवं सत्र न्यायधीश इटारसी श्रीमती सुशीला वर्मा ने हत्या के एक सनसनीखेज मामले में तीन आरोपियों को आजीवन कारावास और जर्माने की सजा से दंडित किया है।

कोर्ट ने रोहित राजपूत पिता स्व. रविशंकर राजपूत, निवासी नयापुरा, पुरानी इटारसी को सार्वजनिक स्थान पर चाकूमार कर हत्या करने, गजेन्द्र उर्फ सचिन पटेल पिता महेन्द्र दास पटेल, निवासी कैलाश विहार कॉलोनी, पुरानी इटारसी को चाकू मारकर घायल करने के अपराध में, अंकित पिता पवन भाट, निवासी भाट मोहल्ला, इटारसी, राहुल उर्फ रानू पिता फूलसिंह राजपूत, निवासी उत्तरी बंगलिया, इटारसी तथा अमन उर्फ इशू मालवीय पिता नानू उर्फ मनीष मालवीय, निवासी 12 वी लाइन इटारसी को दोषी पाते हुये दंडित किया। धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास एवं 3000-3000 रुपए जुर्माना, धारा 307 भादवि में 10 वर्ष सश्रम कारावास एवं 1000-1000 रू जुर्माना, धारा 506 भादवि मे 07 वर्ष सश्रम कारावास एवं 1000-1000 रू जुर्माना एवं अंकित भाट तथा रानू ठाकुर को चाकू रखने के अपराध मे धारा 25 आयुध अधिनियम के अंतर्गत 3 वर्ष सश्रम कारावास एवं 500-500 रू एवं धारा 294 भादवि मे 3 माह का कारावास एवं 500-500 रू जुर्माना से दण्डित किया।

यह थी घटना- जिला अभियोजन अधिकारी राजकुमार नेमा ने बताया कि 02 सितंबर 2022 की रात्रि लगभग 08:15 बजे रोहित राजपूत और गजेन्द्र उर्फ सचिन पटेल स्कूटी से नगर पालिका के पास चाय पीने गये थे। वहां उनके दोस्तों समर्थ चिमानिया, नितिन राजपूत एवं रोहन उर्फ रोहित मैना भी आ गये। तभी वहां पर अंकित भाट नगर पालिका तरफ से आया और रोहित राजपूत को बुलाया, उसके कंधे पर हाथ डालकर पकड़ने लगा तो वहां से रोहित भागकर राजू चाट वाले के सामने रोड पर आया। अंकित भाट, रानू राजपूत और अमन मालवीय ने उसे पकड़ा रानू और अंकित भाट ने चाकुओं से रोहित राजपूत को जांघ और पुट्ठे पर चोट पहुंचाई। अंकित भाट ने लगभग दो वर्ष पहले रोहित राजपूत से हुयी लड़ाई की रंजिश के कारण रोहित राजपूत को चाकू मारा। अमन मालवीय ने भी लात घूसों से मारपीट की। रोहित राजपूत को बचाने गजेन्द्र ऊर्फ सचिन पटेल गया तो अमन उर्फ ईशु मालवीय ने उसे पकड़ा तथा अग्रवाल कॉलेज के पास ले जाकर रानू और अंकित ने चाकुओं से गजेन्द्र के जांघ और पुट्ठे पर चोट पहुंचाई। गजेन्द्र को चाकू से हाथ की अंगुली पर भी चोट आयी। घटना को समर्थ चिमानिया, नितिन राजपूत एवं रोहन उर्फ रोहित मैना ने देखा और बीच-बचाव किया। अंकित भाट, रानू राजपूत और अमन मालवीय ने रोहित राजपूत और गजेन्द्र पटेल को जान से मारने की धमकी देते हुये वहां से भाग गये।

इलाज के दौरान हुई मौत-पैरवीकर्ता अतिरिक्त जिला अभियोजन अधिकारी एवं विशेष लोक अभियोजक एचएस यादव ने बताया कि रोहित राजपूत और गजेन्द्र पटेल को घायल अवस्था में शासकीय चिकित्सालय इटारसी ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान रोहित राजपूत की मृत्यु हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर थाना इटारसी के सहायक उपनिरीक्षक शिवप्रसाद तिवारी ने शासकीय चिकित्सागलय इटारसी पहुंचकर गजेन्द्र पटेल के द्वारा दी गयी जानकारी के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की तथा थाना इटारसी के अपराध दर्ज किया। तत्कालीन थाना प्रभारी रामसनेही चौहान द्वारा प्रकरण का अनुसंधान करने के दौरान अंकित भाट, रानू ठाकुर एवं अमन ऊर्फ इशु मालवीय को बूढ़ी माता मंदिर के पीछे मालवीयगंज इटारसी से अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की जिसमें अभियुक्त ने घटना के समय प्रयुक्त ाकू एवं कपड़े को बरामद कराया। पुलिस ने चाकू एवं कपड़े को मृतक रोहित राजपूत एवं गजेन्द्र पटेल के घटना के समय पहने हुये कपड़ों के साथ वैज्ञानिक प्रयोग शाला सागर परीक्षण हेतु भेजा। अनुसंधान अधिकारी द्वारा साक्षियों के कथन के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। अतिरिक्त जिला एवं अभियोजन अधिकारी ने घटना के चश्मदीद साक्षियों का परीक्षण कराया। वैज्ञानिक प्रयोग शाला सागर से प्राप्त परीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत की। न्याायालय ने उपरोक्त साक्ष्य के आधार पर अभियुक्तों द्वारा रोहित राजपूत की हत्या करने एवं गजेन्द्र पटेल की हत्या के प्रयास करने का दोषी पाते हुये दंडित किया।

# पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता एवं मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन





**इटारसी, देशबन्धु।** शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटारसी में आज पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (भोपाल) के सहयोग से पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता एवं मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन प्राचार्य डॉ राकेश मेहता, पूर्व प्राचार्य डॉ. व्हीके सीरिया, डॉ पीके पगारे, डॉ रश्मि तिवारी, डॉ अरविंद शर्मा ने मां सरस्वती के पूजन से किया। प्राचार्य डॉ राकेश मेहता ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय में बहुत ही प्रासंगिक है, आज हम आधुनिकता के दौर में पर्यावरण को ध्यान में न रखकर विकास कार्य करते जा रहे हैं, जबकि हम अपनी छोटी-छोटी आदतों के बदलाव की वजह से पर्यावरण को सुरक्षित कर सकते हैं। हम मौसमी शाक सब्जियों, मोटे अनाज को ग्रहण करें जिससे हमारा स्वास्थ्य भी सही रहेगा एवं पर्यावरण की सुरक्षा भी होती रहेगी। बिजली बचाने, जल संरक्षण वन संरक्षण मृदा संरक्षण के लिए बहुत सारे व्यवहारिक आदतें हैं जिन्हें मनुष्य अपना कर पृथ्वी को प्रदूषित होने से रोकने में अपना सराहनीय योगदान दे सकते हैं। हम संसाधनों के रीसायकल, रियुज, रिड्यूस सिद्धांत पर प्रकृति का संरक्षण कर सकते हैं एवं भारत सरकार द्वारा जारी लाइफ मिशन के अंतर्गत जो व्यवहारिक आदतें हैं उनमें बदलाव कर प्रकृति संरक्षण में अपना योगदान दे सकते हैं।

डॉ व्ही के सरिया ने कहा कि पहले से वर्तमान समय में पर्यावरण में बहुत सारा परिवर्तन देखने को मिल रहा है, कार्बन उत्सर्जन वर्तमान समय में बहुत तेजी से बढ़ रहा है इसमें प्रमुख रूप से उत्तरदायी कारण औद्योगिकरण, नगरीकरण, आधुनिकता एवं संसाधन का दुरुपयोग है, हमें इसे कम करने का प्रयास करना चाहिए। पूर्व प्राचार्य डॉक्टर पीके पगारे ने कहा कि वर्तमान समय में लोग प्रकृति के पास न रहकर प्रकृति से विमुख होते जा रहे हैं एवं संभववाद की विचारधारा का अनुसरण कर रहे हैं। उन्हें लगता है कि वह प्रकृति को बदल सकते हैं जबकि सत्य यह है कि प्रकृति किसी को अपने ऊपर कभी हावी होने नहीं देती है इसलिए हम प्रकृति के साथ छेड़छाड़ ना करें अन्यथा प्रकृति इसका दुष्परिणाम कुछ ही वर्षों में हमारे सामने प्रस्तुत कर देगी ।

इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों पर्यावरण संरक्षण से संबंधित मॉडल प्रस्तुत किया। सक्रिय मॉडल के निरीक्षण में निर्णायक के रूप में डॉ व्ही के सीरिया, डॉ पी के पगारे एवं डॉ रश्मि तिवारी ने मॉडल के बारे में विद्यार्थियों से जानकारी प्राप्त की। मॉडल प्रदर्शनी में रूफ हार्वेस्टिंग, ग्रीन हाउस, वॉटर प्यूरीफायर, जैविक खेती, वर्मी कंपोस्ट, ग्रीन इनवर्टर, गोबर गैस के प्रमुख मॉडल बनाए गए। इसके साथ ही साथ संसाधन के पुन: उपयोग सिद्धांत पर आधारित वॉटर कैन, कचरा प्रबंधन, बर्ड हाउस आदि सक्रिय मॉडल विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया।

पोस्टर प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विभिन्न प्रकार के पोस्टर जैसे सेव अर्थ, सेव वाटर, सेव फॉरेस्ट आदि विषय पर पोस्टर बनाएं। मॉडल प्रदर्शनी में प्रथम ओम सिंह, द्वितीय राजेश्वरी भाटी, एवं तृतीय आस्था गोस्वामी एवं भारतीय वैष्णव रही। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रदीप अहिरवार प्रथम, निकिता चौधरी द्वितीय एवं पंकज लोधी तृतीय रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर मनीष चौरे एवं आभार प्रदर्शन इको क्लब प्रभारी डॉक्टर दिनेश कुमार ने किया। इस अवसर पर डॉ ओपी शर्मा, डॉ कनक राज, डॉ सुसन मनोहर, डॉ अर्चना शर्मा, संजीव कैथवास, डॉ के आर कोसे, डॉ जिनेंद्र सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे। विद्यार्थियों में भक्ति चौरे, सर्वश्रेष्ठ पटेल, अनीशा, नमामि दुबे, आयुषी डेविड, नीरज यादव, कुश जायसवाल, मयंक चौरे आदि ने सक्रिय सहभागिता किया।



## संविधान से संबंधित पुस्तकों से मिलता है हमें अधिकारों का ज्ञान :पटोदिया

### संविधान के अमृत महोत्सव पर हुई गतिविधियां

**इटारसी, देशबन्धु।** भगवान बिरसा मुंडा शासकीय महाविद्यालय सुखतवा में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राजनीति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य श्रीमती कामधेनु पटोदिया की अध्यक्षता और संरक्षण एवं अमृत महोत्सव कार्यक्रम प्रभारी डॉ मंजू मालवीय के निर्देशन में संविधान का अमृत महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। इनमें आकर्षण का केंद्र रही क्विज प्रतियोगिता।

प्राचार्य श्रीमती कामधेनु पटोदिया ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज ये जो संविधान की पुस्तकों की जो प्रदर्शनी आपको दिखाई जा रही है, इन पुस्तकों का ज्ञान आपको आपके मूल अधिकारों और कर्तव्यों का ज्ञान कराते हैं। डॉ मंजू मालवीय ने वर्तमान समय में अपने अधिकारों को जानने के लिए एवं जीने के लिए इन्हें जानना आवश्यक होता है। हमें संविधान की व्यापक जानकारी होना आवश्यक है। क्विज प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रभारी डॉ वेदप्रकाश भारद्वाज संविधान से संबंधित प्रश्नों की प्रश्नावली के माध्यम से प्रतियोगिता आयोजित की जिसमें विद्यार्थियों ने पांच टीमों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

क्विज में राजेंद्र और साथी प्रथम, द्वितीय स्थान लक्ष्मी धुर्वे एवं साथियों ने प्राप्त किया। संविधान के संवैधानिक प्रावधानों पर विचार सांझा किए तथा यह भी बताया गया कि इसकी आवश्यकता हमें क्यों पड़ती है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ राधा आशीष पांडे ने संविधान के महत्व,नागरिकों के मूल कर्तव्य पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।डॉ प्रवीण कुशवाह ने संविधान के मूल अधिकार पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार से डॉ नीता राजपूत, डॉ हिमांशु चौरसिया,डॉ धीरज गुप्ता , डॉ प्रवीण कुशवाहा, डॉ सौरभ तिवारी सहित समस्त स्टॉफ एवं भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। मंच का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ राधा आशीष पांडे ने एवं आभार प्रदर्शन स्वयंसेवक विशाल ने किया।

## इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-18 महिला क्रिकेट में नर्मदापुरम ने मारी बाजी

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 18 गर्ल्स टूर्नामेंट का फाइनल मैच आज एमपीसीए ग्राउंड पर खेला गया जिसमें बैतूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 118 रन बनाए। बैतूल की पूर्वी वागडरे ने 38 रनों का योगदान दिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी नर्मदापुरम की टीम ने सिद्धि दुबे 53 और अजीता यादव 37 रन की नाबाद परियों से बिना विकेट खोए लक्ष्य को हासिल कर मैच एवं ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया।



नर्मदा पुरम क्रिकेट संघ के मानसेवी सचिव अनुराग मिश्रा ने बताया कि बैतूल की अंडर 18 गर्ल्स टीम ने काफी शानदार प्रदर्शन किया महिला क्रिकेट में खिलाड़ियों का लगातार अच्छा प्रदर्शन हो रहा है आने वाले समय में हमारे संभाग से अच्छे महिला क्रिकेटर ऊंचे स्तर पर दिखाई देंगे। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि नर्मदा पुरम क्रिकेट संभाग के रोहित फौजदार एवं राजेश चौरे ने अजीता यादव को दोहरे प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया। मैच में अंपायर की भूमिका हरीश हनोतिया एवं शुभम तोमर और स्कोरर की भूमिका शिवानी संतोरे ने निभाई। कोच वर्षा पटेल ने कहा कि हमारी लड़कियों ने आज शानदार खेल का प्रदर्शन किया और जीत हासिल की आगे भी अच्छे स्तर का खेल दिखाने की कोशिश करेंगे।

## सेवा भारती छात्रावास में छात्राओं का विदाई समारोह




**इटारसी, देशबन्धु।** आशा महेंद्र शुक्ल जनजाति कन्या छात्रावास धुरपन इटारसी में 12 वीं कक्षा की छात्राओं का विदाई समारोह नर्मदा पुरम संभाग के आईजी मिथिलेश कुमार शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर छात्रावास के संरक्षक पूर्व आईपीएस अधिकारी महेंद्र शुक्ल एवं उनकी धर्मपत्नी आशा महेंद्र शुक्ल, सेवा भारती के जिला अध्यक्ष सतीश सांवरिया, छात्रावास समिति के सचिव सोनू बिंद्रा उपस्थित थे

आईजी मिथिलेश शुक्ला ने बच्चों के साथ अपने बचपन के अनुभव बांटते कहा कि जब वह छोटे थे तो इसी प्रकार अनुशासन में रहते हुए कार्य करते थे। उन्होंने भी अपना जीवन अनुशासनात्मक रहते हुए व्यतीत किया। बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि वह छात्रावास के लिए हर संभव प्रयत्न करेंगे, जहां उनकी आवश्यकता होगी वे छात्रावास की बच्चियों के लिए सदैव तत्पर रहेंगे, उन्होंने छात्रावास की बच्चियों को अग्नि वीर के प्रशिक्षण के लिए छात्रावास में ही सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही।

महेंद्र शुक्ल ने बच्चों को आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा कि आप जहां भी जाएंगे छात्रावास में दिए संस्कारों को बांटकर और भी लोगों को संस्कारवान बनाना यह छात्रावास हमेशा आपके लिए उपलब्ध है। छात्रावास की संरक्षक श्रीमती आशा महेंद्र शुक्ल ने एक कहानी के माध्यम से बच्चों को समझाया कि आपने जो छात्रावास से सीखा है, जो संस्कार, समरसता और संगठन का भाव उन्हें आप जहां भी जाएंगे आप लोगों के बीच बांटना तभी छात्रावास का उद्देश्य पूर्ण होगा।

सेवा भारती के जिला अध्यक्ष सतीश सांवरिया ने बताया कि सेवा भारती के विभिन्न आयाम कैसे काम करते हैं और छात्रावास में पढ़ने वाली बच्चों को कैसे गोद लिया जा सकता है। अभी लगभग 50 सदस्यों ने छात्रावास की बच्चियों को गोद लिया है। छात्राओं द्वारा एक नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु को श्रद्धांजलि अर्पित की। 12 वीं की छात्राओं को उपहार स्वरूप कपड़े व बैग नीता ठाकुर एवं छात्रावास समिति सदस्यों द्वारा प्रदान किए। छात्राओं ने अपने अनुभव भी सुनाये। संचालन जागृति भदौरिया ने एवं आभार समिति के सदस्य निर्मल सिंह राजपूत ने किया। इस अवसर पर दीपा, छात्रावास सह अधिशिक्षिका सुनैना, प्रकाश, छात्रावास कोषाध्यक्ष देवेंद्र, पूर्णकालिक वीरेंद्र दीक्षित, मनोज राय, डॉ. रविन्द्र गुप्ता, नारायण सोनी, आशीष भदौरिया, आरएस राठौर, छबिराज सोनी, सौरभ शर्मा, जगदेव, देवेंद्र और छात्राओं के पेरेंट्स उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों ने लिया प्रकृति संरक्षण और संवर्धन का संकल्प

**बैतूल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल के इको क्लब द्वारा पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से वार्षिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम इप्को भोपाल और पर्यावरण मंत्रालय, नई दिल्ली के तत्वाधान में संपन्न हुआ।



समापन समारोह में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें मेहंदी, चित्रकला, रंगोली, भाषण, निबंध जैसी प्रतिस्पर्धाएं शामिल रहीं। इसके साथ ही विद्यार्थियों को पर्यटन भ्रमण के तहत भोपाली जैसे प्राकृतिक स्थल पर घुमाया गया, जहां मनोरंजन के साथ-साथ उन्हें विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिला। महाविद्यालय की प्राचार्य मीनाक्षी चौबे के मार्गदर्शन और इको क्लब की संयोजक अर्चना सोनारे के नेतृत्व में सभी वार्षिक गतिविधियों का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ। समापन समारोह में विजेता छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।

निबंध प्रतियोगिता में महक शेख ने प्रथम, आदिति दिक्षित ने द्वितीय और इशिका चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के तहत प्राकृतिक भ्रमण भोपाली में प्रियांशी गुप्ता प्रथम, मौसमी विश्वास और तेजस्विनी यादव द्वितीय तथा हेमंत, रोहित और श्याम तृतीय स्थान पर रहे। पानी में सिक्के डालने की प्रतियोगिता में निशांक पहले, वैष्णवी पवार दूसरे और रोहित उइके तीसरे स्थान पर रहे। अवेयरनेस कार्यक्रम में अदिति दिक्षित ने प्रथम, पुष्पराज मालवीय ने द्वितीय और रोहित ने तृतीय स्थान हासिल किया। मेहंदी प्रतियोगिता में भुवनेश्वरी प्रथम, हेमा रैकवार द्वितीय और प्राची जैन तृतीय स्थान पर रहीं। चित्रकला प्रतियोगिता में छाया सोनारे पहले, आकाश दुबे दूसरे और महेराज तीसरे स्थान पर रहे। रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभा पहले, आकाश दुबे दूसरे और अरुण तीसरे स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में सूर्यांश प्रथम, स्नेहा द्वितीय और दिति दिक्षित तृतीय स्थान पर रहीं। यह पूरा आयोजन विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति जागरूक करने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी का अहसास दिलाने के उद्देश्य से किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

## अजामिल और नृसिंह अवतार कथा से भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**बैतूल, देशबन्धु।** पुराना नागपुर रोड, कामथ में चल रही श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में मंगलवार को जगदीश मंदिर मुलताई के आचार्य पं. संतोष मनोहरलाल शर्मा के मुखारविंद से भरत चरित्र, अजामिल कथा, नृसिंह अवतार और भक्त प्रहलाद की भक्ति गाथा सुनाई गई। कथा के दौरान भगवान श्री कृष्ण की अनन्य भक्ति पर आधारित माता कर्मा की झांकियां प्रस्तुत की गईं, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। इसी अवसर पर मां कर्मा का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। पंडित संतोष शर्मा ने कथा में बताया कि प्रतिदिन 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ करने से मात्र 90 दिनों में सभी प्रकार की बीमारियों से राहत मिलती है। उन्होंने कहा कि यह एक अचूक उपाय है, जो शारीरिक और मानसिक कष्टों को दूर करता है।

## भगवान झूलेलाल जन्मोत्सव के अंतर्गत सिंगिंग टैलेंट शो का आयोजन





**इटारसी, देशबन्धु।** भगवान झूलेलाल जन्मोत्सव के कार्यक्रम के अंतर्गत दूसरे दिन सिंधी सिंगिंग टैलेंट शो का आयोजन किया गया। टैलेंट शो में 7 बच्चों ने भाग लेकर सिंगिंग की प्रस्तुति दी। निर्णायक टीम में इटारसी के सुप्रसिद्ध गायक पंडित आलोक शुक्ला एवं जीतू सोनी थे। साथ में कार्यक्रम के मुख्य कलाकार बुरहानपुर की सुप्रसिद्ध गायिका रोशनी चांदवानी, अकोला शहर से मास्टर तनिष्क वसरानी ने अपनी मधुर आवाज से सबका दिल जीत लिया। मास्टर तनिष्क वसरानी का नया सिंधी वीडियो सॉन्ग भी इटारसी के कार्यक्रम में रिलीज किया गया। अंत में निर्णायक टीम के पंडित आलोक शुक्ला एवं जीतू सोनी का एवं बाहर से आए दोनों कलाकारों को पूज्य पंचायत सिंधी समाज एव झूलण से समिति द्वारा सम्मानित किया गया। उक्त जानकारी उच्च पंचायत सिंधी समाज के प्रवक्ता नरेश गंगलानी द्वारा प्रदान की गई।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### कलेक्टर के निर्देशानुसार फार्मर रजिस्ट्री कार्य सुचारू रूप से जारी किया जा रहा शिविरों का आयोजन

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिले में फार्मर रजिस्ट्री एवं ई-केवाईसी कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने के लिए कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से किसानों का पंजीयन एवं ई-केवाईसी सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे वे विभिन्न कृषि लाभ योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।



जिले के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व अमले द्वारा घर-घर जाकर किसानों को योजना की जानकारी दी जा रही है एवं उनके फार्मर रजिस्ट्री हेतु सहायता प्रदान की जा रही है। साथ ही, विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर शिविर लगाकर किसानों को फार्मर रजिस्ट्री की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।रात्रि के समय सर्वर की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए भी पंजीयन कार्य किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार राजस्व अधिकारियों द्वारा समय-समय पर इन शिविरों का निरीक्षण कर फार्मर रजिस्ट्री प्रक्रिया की प्रगति की समीक्षा की जा रही है। प्रशासन द्वारा सभी किसानों से अपील की गई है कि वे निकटतम शिविर में जाकर शीघ्र अपना पंजीयन एवं ई-केवाईसी पूर्ण कराएं, जिससे वे शासकीय योजनाओं का लाभ उठा सकें।

### कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं

**हरदा, देशबन्धु।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित 'जनसुनवाई' कार्यक्रम में नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सविता झानिया, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, संजीव नागू व सुश्री रजनी वर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

### सम्पत्ति कर, जल कर व अन्य मामलों में ऑनलाइन भुगतान पर मिलेगी छूट

**हरदा, देशबन्धु।** नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की अवधि में सम्पत्ति कर, जल प्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार के अधिभार में उपभोक्ताओं को छूट देने का निर्णय लिया है। यह छूट उपभोक्ताओं को 31 मार्च 2025 तक ऑनलाइन भुगतान की दशा में की जायेगी। नागरिक इस संबंध में विस्तृत जानकारी अपने क्षेत्र के नगरीय निकाय के वार्ड कार्यालय से भी प्राप्त कर सकते हैं।

### जिले की भांगघोटा एवं भाग दुकान के निष्पादन की प्रक्रिया सम्पन्न

**हरदा, देशबन्धु।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने सोमवार को जिले की भांग एवं भांगघोटा दुकानों का निष्पादन वर्ष 2025-26 की प्रक्रिया सम्पन्न की। जिला आबकारी अधिकारी रितेश कुमार लाल ने बताया कि जिले की 1 भांगघोटा व 3 भांग दुकानों के लिये 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक की अवधि के लिये शासन के निर्देशानुसार वर्ष 2024-25 की वार्षिक लायसेंस फीस में 10 प्रतिशत की वृद्धि कर राशि 14.89 लाख रूपये में निष्पादन किया गया। निष्पादन की यह राशि आगामी वर्ष 2025-26 के लिये शासन के राजस्व को सुरक्षित किया गया है।

### चना व सरसों के उपार्जन केन्द्रों का हुआ शुभारम्भ

**हरदा, देशबन्धु।** रबी वर्ष 2024-25 विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों का उपार्जन 25 मार्च से 31 मई तक किया जाना है। जिला उपार्जन समिति के निर्णय अनुसार जिले में 36 उपार्जन केन्द्र स्थापित किये गये है। उप संचालक जे.एल. कास्दे ने बताया कि मंगलवार को चना एवं सरसों उपार्जन अंतर्गत उपार्जन केन्द्रों का शुभारम्भ किया गया है। उन्होने पंजीकृत किसान भाईयों से अनुरोध किया है कि, चना, मसूर एवं सरसों उपार्जन के लिये अपनी सुविधा अनुसार उपार्जन केन्द्रों पर स्लॉट बुक कर, समयावधि में अपनी फसल का उपार्जन करें।

उप संचालक कृषि श्री कास्दे ने बताया कि जिले में बनाये गये उपार्जन केन्द्रों में तहसील हरदा अंतर्गत सेवा सहकारी समिति रूपीपरेटिया, पलासनेर, मसनगांव-1, मसनगाँव-2, गहाल, बालागांव, अबगाँवखुर्द, भुवनखेड़ी-1, भुवनखेड़ी-2 विपणन समिति शामिल है। इसी प्रकार हरदा एवं हंडिया तहसील अंतर्गत सेवा सहकारी समिति खेडा, सोनतलाई, धनगांव व नांदरा तथा तहसील खिरकिया अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मोरगढी, बैडियाकला, मुहालकला एवं सेवा सहकारी समिति पिपल्या मकड़ाई, सिराली, सोमगांवकला, रहटाकला, दीपगांवकला व सिराली में उपार्जन केन्द्र स्थापित किया गया है। इसके अलावा तहसील टिमरनी अंतर्गत छिदगांवमेल, गोदागांवखुर्द, पोखरनी, करताना, बाजनियां व तजपुरा एवं तहसील रहटगांव सेवा सहकारी समिति मनियाखेडी-1, मनियाखेडी-2, टेमागांव, सोडलपुर, आलमपुर, रवांग, राजाबरारी रहटगांव के उपार्जन केन्द्र शामिल है।

# सभी आंगनबाड़ी एवं स्कूल समय पर नियमित रूप से खुले : संभाग आयुक्त

## उपार्जन केन्द्रों में प्रतिदिन हो रही गेहूं उपार्जन एवं भुगतान की जानकारी दी जाए



### 31 मार्च से पूर्व सभी कार्यालय ई ऑफिस सिस्टम से ही कार्य करें

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** संभाग आयुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने संभागीय समय सीमा की बैठक में निर्देश दिए की जिले की सभी आंगनबाड़ी केन्द्र एवं स्कूल अवकाश के दिनों को छोड़कर समय पर नियमित रूप से खुले। सभी शिक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं स्कूलों में समय पर उपस्थित रहे। उन्होंने जिला आपूर्ति नियंत्रक अधिकारी को निर्देश दिए कि वह गेहूं उपार्जन केन्द्रों में प्रतिदिन की जा रही गेहूं खरीदी एवं किसानों को हो रहे भुगतान की जानकारी प्रतिदिन नियमित रूप से देना सुनिश्चित करें। संभाग आयुक्त ने निर्देश दिए की सभी उपार्जन केन्द्रों में किसानों के लिए मूलभूत सुविधाओं जैसे पेयजल, छाया एवं बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह 31 मार्च से पूर्व अपने कार्यालय में ई ऑफिस सिस्टम प्रणाली को शुरू करवा दें एवं ई ऑफिस सिस्टम से ही कार्य करना सुनिश्चित करें। संभाग आयुक्त ने स्पष्ट हिदायत दी की किसी भी स्थिति में हार्ड कॉपी नहीं ली जाएगी। अत: कोई भी अधिकारी हार्ड कॉपी ना भेजें।

संभाग आयुक्त श्री तिवारी ने मुख्यमंत्री मछुवारा समृद्धि योजना के तहत अब तक किए जा रहे कार्यों के प्रति असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री मछुवारा समृद्धि योजना में शत् प्रतिशत दिए गए लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित कि जाए। उन्होंने झींगा पालन के कार्य में अपेक्षा के अनुरूप प्रगति न होने पर नाराजगी जाहिर की और निर्देश दिए कि समय सीमा में सभी कार्य सुचारू रूप से संचालित किए जाएं। उन्होंने जिला मत्स्य अधिकारी हरदा द्वारा अब तक दिए गए लक्ष्य के प्रति शत प्रतिशत प्रगति न लाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए जिला मत्स्य अधिकारी हरदा को अपने प्रदर्शन में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने संयुक्त संचालक स्वास्थ्य विभाग डॉक्टर मनीष गर्ग को निर्देश दिए कि वे आयुष्मान आरोग्य भारत मिशन के तहत 70 प्लस व्यक्तियों के बनाए जा रहे हैं आयुष्मान कार्ड के कार्य में अपेक्षित प्रगति लाए। उन्होंने कहा कि अभी आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य धीमी गति से चल रहा है उसे और तेजी से बढ़ाए। श्री तिवारी ने सभी विभागों में कर्मचारियों को पात्रता अनुसार समय मान वेतन मान प्राथमिकता से दिए जाने एवं समय मान वेतनमान का अनुमोदन कोष एवं लेखा से कराकर एरियर्स की राशि देने के निर्देश दिए।

संभाग आयुक्त ने जल जीवन मिशन के तहत किया जा रहे हर-घर नल कनेक्शन की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त की और कहां की प्रतिदिन किए जाने वाले नल कनेक्शन का कार्य जो धीमी गति से चल रहा है इसमें तेजी लाते हुए 31 मार्च तक और अपेक्षित प्रगति लाई जाए। उन्होंने अनु उपयोगी खुले बोरवेल एवं कूप के गडडो को बंद करने के निर्देश दिए और कहां की इससे यदि कोई संभावित दुर्घटना होती है तो संबंधित व्यक्ति पर नियम अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने गत दिवस अपर मुख्य सचिव द्वारा बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन कर सभी अधिकारियों को पालन प्रतिवेदन भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने आईटीआई महाविद्यालय में महिलाओं के लिए रिजर्व 30त्न सीटे जो रिक्त हैं भरने के निर्देश दिए और कहां की इसके लिए बालिकाओं एवं महिलाओं के बीच व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए और उन्हें आईटीआई में एडमिशन लेने के लिए प्रेरित किया जाए। संभागीय समय सीमा की बैठक में अपर आयुक्त आरपी सिंह जादौन, उपायुक्त राजस्व गणेश जायसवाल, संयुक्त आयुक्त विकास जीसी दोहर एवं सभी संबंधित संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में 101 आवेदनों का हुआ निराकरण



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर डी.के. सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों पर शीघ्र कार्रवाई कर समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई के दौरान कुल 101 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं का समाधान किया गया। अपर कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करें।

जनसुनवाई के दौरान पिपरिया निवासी मनीष मछरिया ने अपने बड़े भाई की मृत्यु के उपरांत अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर अपर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं ईदगाह निवासी, मीना छिरौले ने प्रधानमंत्री आवास योजना की तृतीय किस्त जारी न होने के कारण निर्माण कार्य बाधित होने की समस्या से अवगत करवाया गया। समस्या के निराकरण के लिए अपर कलेक्टर द्वारा संबंधित विभाग को त्वरित समाधान के लिए निर्देशित किया गया। इसी प्रकार भीलपुरा निवासी नागरिकों ने शासकीय मार्ग पर किए गए अतिक्रमण की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण के कारण आवागमन बाधित हो रहा है। अपर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को शिकायत का परीक्षण उपरांत नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में श्रीमती सुमन ने आवेदन देते हुए सेवानिवृत्ति के पश्चात लंबित एरियर राशि के शीघ्र भुगतान की मांग की। अपर कलेक्टर ने इस संबंध में आवेदन कर्ता को नियमानुसार स्वत्वो का भुगतान करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान अतिक्रमण, अवैध कब्जा, सीमांकन, जैसी अन्य समस्याओं से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई।

# महिलाओं के अधिकारों और पोषण पर हुई गहन चर्चा

**बैतूल, देशबन्धु।** भारत सरकार की सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 योजना के तहत महिला बाल विकास परियोजना बैतूल शहरी द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यालय जिला आयुष विभाग, प्रथमतल, टिकारी में हो रहा है, जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को पोषण एवं कानूनी अधिकारों की जानकारी दी जा रही है।



प्रशिक्षण के दूसरे दिन विषय विशेषज्ञ नीरजा शर्मा ने पोषण एवं जीवन चक्र के पहले 1000 दिनों के महत्व पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि गर्भावस्था से लेकर बच्चे के दो साल के होने तक पोषण कितना जरूरी होता है और इससे शारीरिक और मानसिक विकास पर क्या प्रभाव पड़ता है। विशेष न्यायाधीश दिव्यांगना पांडे ने पॉक्सो अधिनियम उपभोक्ता संरक्षण कानून की भी जानकारी दी और बताया कि महिलाएं अपने अधिकारों का कैसे लाभ उठा सकती हैं। डीएलओ सोमनाथ राय ने पीड़ित प्रतिकर योजना और निशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी।

# ग्रीष्मकालीन मूंग सिंचाई हेतु संभागीय जल उपयोगिता समिति की बैठक संपन्न

## नहरों से पानी छोड़ने के लिए तिथियां निर्धारित

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** संभाग आयुक्त कार्यालय में मंगलवार को संभाग आयुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी की अध्यक्षता में ग्रीष्मकालीन मूंग सिंचाई हेतु संभागीय जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित की गई।



बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि हरदा जिले हेतु बायीं तट मुख्य नहर से 27 मार्च की शाम 5 बजे तवा नहर में पानी प्रवाहित किया जाएगा। सिवनी मालवा की रायगढ, मकढई एवं भिलाडियां नहरों के लिए 1 अप्रैल की शाम 5 बजे से, मिसरोद उपसंभाग डोलरिया के लिए 3 अप्रैल की शाम 5 बजे से, तवा परियोजना संभाग इटारसी के लिए 5 अप्रैल की शाम 5 बजे से तथा पीबीसी संभाग सोहागपुर हेतु दायीं तट मुख्य नहर से किसानों की मांग के अनुसार 5 अप्रैल से 8 अप्रैल के मध्य जल प्रवाह शुरू कर दिया जाएगा। इस दौरान मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग राजाराम मीना ने बताया कि तवा बांध में 1004 एमसीएम पानी है जिसमें से 838 एमसीएम पानी सिंचाई के लिए उपलब?ध रहेगा। संभाग आयुक्त ने नहरों की सुरक्षा के लिए पुलिस, जल संसाधन विभाग के अमले, राजस्व विभाग के अमले एवं एमपीबी के अमले को संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संभाग के किसानों को मूंग एवं गेहूं के अलावा मक्का की फसल लगाने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाए। मक्का का रकबा भी बढाया जाए। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक मिथलेश कुमार शुक्ला, डीआईजी आशीष खरे, हरदा कलेक्टर आदित्य सिंह, पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम डॉ गुरूकरन सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौजान सिंह रावत, मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग श्री राजाराम मीना, संयुक्त संचालक कृषि बी.एल बिलैया सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र सूर्यवंशी ऑनलाईन उपस्थित रहे।

# आभूषण दुकान में दिनदहाड़े लूट की कोशिश

## नकाब पहनकर दुकान में घुसे बदमाश ने चलाई गोली , मालिक और कर्मचारी ने पकड़कर पीटा

**भोपाल,देशबन्धु।** राजधानी भोपाल के रोहित नगर में सोमवार दोपहर अक्षांश ज्वेलर्स नामक दुकान में लूट का प्रयास हुआ। बताया गाय है कि एक नकाबपोश बदमाश दुकान में पहुंचा और सोने की चेन दिखाने को कहा। दुकान मालिक ने उससे नकाब हटाने की बात कही तो उसने पिस्टल निकाल ली और डराने के इरादे से दो गोलियां चला दी। साथ ही दुकान संचालक के साथ मारपीट की। हालांकि दुकान संचालक ने बहादुरी से आरोपी का सामना किया और अपने कर्मचारी की मदद से उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी के दुकान के अंदर घुसने से लेकर उसके पकड़े जाने तक का घटना क्रम करीब 15 मिनट तक चला।



वारदात में घायल दुकान मालिक मनोज जैन और उनका कर्मचारी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी मनोज जैन विष्णु हाईटेक सिटी बावड़िया में रहते हैं और रोहित नगर में अक्षांश ज्वेलर्स नाम से दुकान का संचालन करते हैं। सोमवार दोपहर 12 बजे उन्होंने दुकान खोली थी। इस दौरान उनके साथ एक अन्य कर्मचारी दुकान में मौजूद था। दोपहर एक बजे के आसपास एक युवक चेहरे पर कपड़ा लपेटे हुए दुकान में आया। उसने सोने की चेन दिखाने को कहा। मनोज ने उससे चेहरे से कपड़ा हटाने की बात कही, तो उसने पिस्टल निकाल ली और आभूषण सौंपने की बात की। मनोज के विरोध करने पर आरोपी ने एकाएक दो गोलियां दाग दी। हालांकि दोनों बार गोली चलने की आवाज आई लेकिन गोली शायद निकली ही नहीं। इसी बात का फायदा उठाते हुए मनोज ने आरोपी को पकड़ना चाहा तो उसने नाक पर पिस्टल की बट मार दी। इसके बावजूद मनोज ने उसे धकेलकर नीचे गिराया, इसी बीच उनका कर्मचारी भी मदद को आयाऔर फिर दोनों ने मिलकर उसे पकड़ लिया। शोर मचाने पर पड़ोसी व्यापारी भी आ गए। आरोपी के पकड़े जाने के बाद अन्य कारोबारियों ने उसकी जमकर पिटाई की। इस बीच दुकान मालिक ने थाने और डायल 100 पर फोन करते रहे, लेकिन कोई नहीं आया। हर फोन पर केवल जानकारी ही ली जाती रही। इसी बीच एक पड़ोसी व्यापारी थाने पहुंचा और दो पुलिस वालों को साथ लेकर आया। तब आरोपी को पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने आरोपी के पास मौजूद पिस्टल को भी मौके से ही जब्त कर लिया गया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि फिलहाल आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि उसके साथ वारदात में और कौन लोग शामिल थे। उसने वारदात से पहले रैकी कब और कैसे की। भागने के समय उसकी मदद और कौन लोग करने वाले थे। पुलिस का अनुमान है कि आरोपी के साथी बाहर निगरानी कर रहे होंगे, जिससे भागने में आसानी रहे। इसके लिए पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाल रही है।

उधर नए भोपाल की सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद सोनी ने बताया कि आरोपी लूट में कामयाब होता इससे पहले ही घायल मनोज और उनके कर्मचारी ने आरोपी युवक को दबोच लिया। यह देख आसपास के लोग भी आए। इसके बाद आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। आनंद सोनी ने कहा कि बदमाश ने दिनदहाड़े वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस को कारोबारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

# प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ जिला बैतूल में हुई नई नियुक्तियां

## विनोद जगताप जिला कार्यकारी अध्यक्ष बने

**बैतूल, देशबन्धु।** प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ जिला बैतूल में नई नियुक्तियां की गई हैं। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र सिंह पवैया द्वारा जिला कार्यकारी अध्यक्ष बैतूल के रूप में विनोद जगताप,जिला मंत्री मनोज तयवाड़े,जिला प्रचारक राजेश नगदे की नियुक्ति की गई है। इन नामों की अनुशंसा बैतूल जिलाध्यक्ष राकेश सिंह व संभागीय अध्यक्ष नर्मदापुरम शिबू विश्वकर्मा द्वारा की गई थी, जिसे राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के जिला पदाधिकारियों और सदस्यों ने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन के प्रति विश्वास जताया कि वे पत्रकार हितों की रक्षा और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वाहन करेंगे। नियुक्ति के इस अवसर पर प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवीनाथ लोखंडे, जिला संगठन महामंत्री मनोहर अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष इदरीस विराणी, संदीप वाईकर, जिला सचिव रामराव देशमुख, जिला मंत्री अलकेश धुर्वे,जिला कोषाध्यक्ष मुकेश बामने,जिला प्रचारक सुनील सोनारे ने भी सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की है।


### न्यायालय नजूल अधिकारी, इटारसी

**इश्तहार**

रा.प्र.क्र. 0109 अ-20 (3) वर्ष 2024-25

आम जनता को इस इश्तहार प्रेस मुनादी के जरिये सूचित किया जाता है आवेदक सुनील मालवीय आ. स्व. जगदीश चंद मालवीय निवासी आठवी लाईन इटारसी तहसील ने इस आशय का आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109, 110 म.प्र. भू. रा. संहिता प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि नजूल शीट नं. 13 प्लाट नं. 98 का रकबा 420 व.फु. भूमि जो नजूल अभिलेख में आवेदक की मॉ श्रीमति सुनीता मालवीय पतिन स्व. जगदीशचंद मालवीय के नाम दर्ज है। आवेदक की मॉ सुनीता मालवीय ने अपने जीवन काल में दिनांक 06.01.2024 को एक वसीयत नामा उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में आवेदक के पक्ष में निष्पादित किया है जो कि उनका प्रथम एवं अंतिम वसीयतनामा है। आवेदक उक्त वर्णित संपत्ति पर वसीयत के आधार पर स्वयं का नाम दर्ज कराना चाहता है। अत: उक्त वर्णित संपत्ति पर वसीयत के आधार पर स्वयं का नाम दर्ज किये जाने का अनुरोध किया है ।

आवेदकगण के उक्त आवेदन पर जनसामान्य को कोई आपत्ति या कोई दावा प्रस्तुत करना हो तो वह प्रकरण के सुनवाई दिनांक **27.03.2025** तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय अवधि में दावा या आपत्ति पेश न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर आदेश पारित किया जावेगा।

**नोट:**- नियत तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में प्रकरण की कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में होगी।

**नजूल अधिकारी**
**इटारसी**

### न्यायालय नजूल अधिकारी, इटारसी

**इश्तहार**

रा.प्र.क्र. 0110 अ-20 (3) वर्ष 2024-25

आम जनता को इस इश्तहार प्रेस मुनादी के जरिये सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती दीप्ती मालवीय पत्नी संदीप मालवीय निवासी आठवी लाईन इटारसी तहसील ने इस आशय का आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109, 110 म.प्र. भू. रा. संहिता प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि नजूल शीट नं. 13 प्लाट नं0 99 रकबा 630 व.फु., प्लाट नं. 100/2 रकबा 310 व.फु., प्लाट नं. 100/1/2 रकबा 105 व.फु., प्लाट नं. 101/1/2 रकबा 105 व.फु., तथा प्लाट नं. 101/2 रकबा 315 व.फु., भूमि जो नजूल अभिलेख में आवेदिका तथा आवेदिका की सास के नाम संयुक्त रूप से दर्ज है। आवेदिका की सास ने अपने जीवन काल में दिनांक 06.01.2024 को एक बसीयत नामा उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में आवेदिका के पक्ष में निष्पादित किया है आवेदिका उपरोक्त वर्णित वसीयतनामे के आधार पर उक्त वसीयतनामे में वर्णित संपत्ति में स्व. श्रीमति सुनीता मालवीय के हिस्से के आधे भाग की मालिक स्वामी हो गई है तथा उस पर मालिक काबिज होकर उसका उपयोग-उपभोग कर रही है। आवेदिका उक्त वर्णित संपत्ति पर वसीयत के आधार पर स्वयं का नाम दर्ज कराना चाहती है। अत: उक्त वर्णित संपति पर बसीयत के आधार पर स्वयं का नाम दर्ज किये जाने का अनुरोध किया है।

आवेदकगण के उक्त आवेदन पर जनसामान्य को कोई आपत्ति या कोई दावा प्रस्तुत करना हो तो वह प्रकरण के सुनवाई दिनांक **27.03.2025** तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय अवधि में दावा या आपत्ति पेश न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर आदेश पारित किया जावेगा।

**नोट:**- नियत तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में प्रकरण की कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में होगी।

**नजूल अधिकारी**
**इटारसी**

### CHANGE OF NAME

I NO. 15216202F EX HAV TULARAM BARANGE resident at vill. GHATPIPARIYA. PO-GHATPIPARIYA. Teh- MULTAI. DIST. - BETUL (MP), PIN-460663 have changed my son of name from HARSH to **HARSH BARANGE** vide Affidavit dated 25 mar 2025 before notary MULTAI DIST. BETUL (MP)

देशबन्धु

नर्मदापुरम, बुधवार 26 मार्च 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# शिक्षा व्यवस्था की विसंगतियों के खिलाफ आवाज़

सोमवार को इंडिया ब्लॉक के छात्र संगठनों ने शिक्षा के निजीकरण, भगवाकरण के विरोध और छात्र संघ की बहाली को लेकर जंतर मंतर पर प्रदर्शन किया। छात्रों का आरोप है कि सरकार आरएसएस की विचारधारा थोप रही है और शिक्षा को व्यापार बना रही है। इस प्रदर्शन में एनएसयूआई, आईसा, एसएफआई, एआईएसएफ, एमएसएफ, सीआरजेडी और समाजवादी छात्रसभा ये सभी छात्र संगठन एक बैनर के तले पहुंचे। छात्र संगठनों का कहना है कि सरकार की नीतियों से शिक्षा महंगी हुई है. गरीब बच्चों की पहुंच से अच्छी शिक्षा दूर होती जा रही है। छात्रों ने आरोप है कि शिक्षा का निजीकरण और केंद्रीकरण किया जा रहा है। गरीब विरोधी नीतियों का असर मध्यम वर्ग के छात्रों की शिक्षा पर पड़ रहा है। धांधली और पेपर लीक जैसी समस्याओं के खिलाफ छात्र संगठनों ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। इसके अलावा विश्वविद्यालयों में चुनावों की बहाली, प्रशासन में पारदर्शिता और आरक्षण से जुड़े मुद्दों पर भी छात्रों ने सरकार का ध्यान आकर्षित किया। इस प्रदर्शन को लेकर एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने कहा, 'सरकार शिक्षा प्रणाली को कमजोर कर रही है। छात्र संघों के चुनावों पर रोक से साफ है कि सरकार शिक्षित और जागरूक युवाओं से डरती है। अगर सरकार हमारी मांगें नहीं मानती, तो आंदोलन और बड़ा होगा और देशभर में गूंज सुनाई देगी।'

महीने भर के भीतर दूसरी बार इस तरह से अलग-अलग छात्र संगठन जंतर-मंतर पर एकत्र हुए हैं। इधर अलग-अलग विश्वविद्यालयों में जागरुक छात्र अन्याय के खिलाफ आवाज़ उठाते ही रहते हैं। लेकिन इस वक्त जिस तरह से सरकार की नीतियों के खिलाफ छात्र संगठन एकजुट हो रहे हैं, वह देश में बड़े बदलाव की आहट देता है। इतिहास गवाह है कि जब भी युवा शक्ति ने आवाज़ उठाई है, तब सत्ताधीशों को बड़ी चोट पहुंची है। फिलहाल छात्र संगठनों ने आंदोलन बढ़ने की जो चेतावनी दी है, उसे मोदी सरकार को सुनना चाहिए। क्योंकि जो सवाल छात्र उठा रहे हैं, वो बेमानी नहीं हैं, न ही इनमें किसी एक पार्टी का एजेंडा बढ़ाया जा रहा है। बल्कि यह समाज के समग्र विकास और युवा पीढ़ी की बेहतरी के लिए ही है। इसी बेहतरी का दावा नरेन्द्र मोदी कई बार करते रहे हैं। संकल्प, ऊर्जा, दृढ़ विश्वास, जैसे शब्दों के दोहराव अलग-अलग तरीके से करते हुए श्री मोदी कई मंचों से यह बात कह चुके हैं कि उनकी सारी नीतियां और फैसले देश को विकास की राह पर ले जा रहे हैं, जिसमें नयी पीढ़ी के लिए सब कुछ अच्छा ही अच्छा है। लेकिन हकीकत कुछ और ही है। छात्रों के सामने अब केवल डिग्री हासिल करने के बाद नौकरी मिलने की चिंता ही नहीं है, बल्कि उस डिग्री की राह में भी अब कई रोड़े आ रहे हैं। पेपर लीक और परीक्षाओं में कई किस्म की धांधलियां तो एक बड़ी समस्या है ही, इसके अलावा अब वैचारिक मतभेद रखने पर भी छात्र अन्याय का शिकार हो रहे हैं।

ताजा प्रकरण नयी दिल्ली से ही सामने आया है, जहां डॉ. बीआर आंबेडकर विश्वविद्यालय में अंतिम वर्ष की एमए छात्रा को इस वर्ष गणतंत्र दिवस पर विश्वविद्यालय की कुलपति अनु सिंह लाठर द्वारा दिए गए भाषण की कथित रूप से आलोचना करने के लिए निलंबित कर दिया गया है। खबर के मुताबिक कुलपति लाठर ने अपने भाषण में कहा था कि राम जन्मभूमि आंदोलन 525 साल पुराना है और यह कोई नया मुद्दा नहीं है। कुलपति ने राम मंदिर की स्थापना के लिए राज्य की सराहना की और डॉ. बीआर आंबेडकर को सिर्फ़ दलित समुदाय का व्यक्ति न मानकर राष्ट्रीय व्यक्ति बनाने की बात कही थी। इस भाषण के बाद 28 जनवरी को आईसा से जुड़ी छात्रा ने कुलपति द्वारा की गई टिप्पणियों की निंदा की थी। जिस पर 21 मार्च को प्रॉक्टोरियल बोर्ड के एक आदेश में विश्वविद्यालय ने 'अनुशासनहीनता' और संस्थान प्रमुख के खिलाफ 'अपमानजनक भाषा' के इस्तेमाल का आरोप लगाया। इस कार्रवाई के परिणामस्वरूप छात्रा को छह महीने (पूर्ण शीतकालीन सेमेस्टर) के लिए निलंबित कर दिया गया है तथा इस अवधि के दौरान परिसर में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। विश्वविद्यालय ने कहा कि छात्रा को 17 फरवरी को कारण बताओ नोटिस दिया गया था और उसे 28 फरवरी को प्रॉक्टोरल बोर्ड के साथ व्यक्तिगत बातचीत के लिए उसके माता-पिता के साथ बुलाया गया था। निलंबन आदेश में कहा गया है कि केवल छात्रा ही प्रॉक्टोरल मीटिंग में आई थी और उसके माता-पिता नहीं आए थे। प्रॉक्टोरल मीटिंग के बाद छात्रा द्वारा लिखित प्रतिक्रिया 'माफी मांगने वाली नहीं' थी।

वहीं निलंबित छात्रा ने आरोप लगाया कि उन्हें इसलिए निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि वह मुस्लिम पहचान वाली महिला हैं। उन्होंने कहा, 'मैं अपने अंतिम सेमेस्टर में हूं और अंतिम सबमिशन मई के मध्य में होना है। यह मेरी डिग्री को एक साल के लिए बढ़ाने का एक बहुत ही सचेत प्रयास है।' पीड़ित छात्रा ने एक गंभीर सवाल उठाया है कि, 'यदि केवल सवाल पूछने के कृत्य को ही आपराधिक बना दिया जाए तो हमारे विश्वविद्यालयों को किस बात के लिए खड़ा होना चाहिए' इस मानसिक और भावनात्मक उत्पीड़न को और बढ़ाने के पीछे स्पष्ट प्रेरणा और कुछ नहीं बल्कि प्रशासन द्वारा सभी असहमत छात्रों के लिए एक उदाहरण स्थापित करने और उनकी आवाज को अनिश्चितकाल के लिए दबाने की एक जानबूझकर की गई साजिश है।'

विश्वविद्यालय इस टिप्पणी पर क्या प्रतिक्रिया देता है, यह देखना होगा। लेकिन सोमवार को छात्र संगठनों ने शिक्षा प्रणाली में गहरी जड़ें जमा चुकी जिस विसंगति की तरफ सरकार का ध्यान दिलाना चाहा है, वह इस प्रकरण से सही साबित हो रही है। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में ही हैदराबाद विवि में रोहित वेमुला की आत्महत्या की दुखद घटना घटी थी, इसमें भी विवि प्रशासन पर गंभीर सवाल उठे थे। ऐसे मामले और भी हुए, लेकिन सरकार का रवैया इस तरफ संवेदनहीन ही बना हुआ है। अच्छी शिक्षा और नौकरी के सवाल के साथ-साथ विवि में पक्षपातरहित माहौल और खुलकर अपनी राय रखने की आजादी मिलेगी, तभी सही मायनों में लोकतंत्र मजबूत हो पाएगा।

# एक कॉमेडियन से सरकार का डरना अपने आप में कॉमेडी है

ठाणे की रिक्शा, चेहरे पे दाढ़ी, आंखों में चश्मा हाय...
ठाणे की रिक्शा, चेहरे पे दाढ़ी, आंखों में चश्मा हाय...
एक झलक दिखलाए कभी गुवाहाटी में छिप जाए...
मेरी नजर से तुम देखो गद्दार नजर वो आए।
ठाणे की रिक्शा, चेहरे पे दाढ़ी, आंखों में चश्मा हाय।

मंत्री नहीं वो दलबदलू है और कहा क्या जाए...
जिस थाली में खाए उसमें ही छेद कर जाए...
मंत्रालय से ज्यादा फडणवीस की गोदी में मिल जाए...
तीर कमान मिला है इसको बाप मेरा ये चाहे...
ठाणे की रिक्शा...ठाणे की रिक्शा, चेहरे पे दाढ़ी, आंखों में चश्मा हाय...।

मनोरंजन करके गुजारा करने वाले एक अदने से स्टैंडअप कॉमेडियन ने मुम्बई में एक शो के दौरान प्रसिद्ध हिन्दी मूवी 'दिल तो पागल है' के एक गीत की केवल 10 पंक्तियों की पैरोडी क्या सुना दी, महाराष्ट्र सरकार मानों सुलग उठी है। इस सरकार को चलाने वाली भारतीय जनता पार्टी, अजित पवार गुट की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना बौखलाई हुई हैं। पुलिस एफआईआर दर्ज़ कर कामरा के खिलाफ एक्शन ले रही है, मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बयान दिया है कि 'स्टैंडअप कॉमेडी की आजादी है लेकिन कोई भी जो चाहे वह नहीं बोल सकता।' उनके अनुसार 'कुणाल को माफी मांगनी चाहिये।' इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। एक उप मुख्यमंत्री अजित पवार कहते हैं कि 'किसी को भी कानून व संविधान से बाहर नहीं जाना चाहिये', तो दूसरे उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, जिन पर यह पैरोडी रची गयी है, का कहना है- 'किसी पर हास्य-व्यंग्य करना, कटाक्ष करना गलत नहीं है, लेकिन इसकी एक मर्यादा होती है। कुणाल कामरा ने जो किया, लगता है कि उन्होंने सुपारी लेकर किया है। कटाक्ष करते समय एक शिष्टाचार बनाए रखा जाना चाहिए, वर्ना 'एक्शन का रिएक्शन' भी होता है।' पहले तो शिंदे को पता करना चाहिये कि सुपारी किसने दी है। खैर...

बहरहाल, रिएक्शन होता दिख रहा है। शो का आयोजन खार के जिस यूनिकांटिनेंटल क्लब में हुआ था उस आयोजन स्थल पर शिंदे गुट के कार्यकर्ताओं ने तोड़-फोड़ कर दी, मुम्बई महानगरपालिका ने वहां हथौड़ा चला दिया, कार्यकर्ता पहले ही धमकी दे चुके हैं कि वे महाराष्ट्र तो क्या देश भर में कामरा को घूमने-फिरने तथा शो नहीं करने देंगे। पार्टी प्रवक्ता साफ कर चुके हैं कि 'कॉमेडियन से शिवसेना स्टाइल में निपटा जायेगा।' इतना ही नहीं, कामरा के साथ कुछ कार्यकर्ता फोन पर गाली-गलौज कर रहे हैं। मार्के की बात यह है कि मर्यादा व कानून में रहकर कॉमेडी करने की सलाह सरकार के तीनों ही धड़े निहायत ही अमर्यादित ढंग से और कानून को हाथ में लेकर दे रहे हैं। यही अपने आप में कॉमेडी है जो ऐसी ही सरकार कर सकती है जिसका बनना और चलना साक्षात कॉमेडी सर्कस है। देखना यह है कि 'भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है', 'लोकतंत्र भारत के डीएनए में है' और 'आलोचना लोकतंत्र का हिस्सा है' जैसे संवाद बार-बार राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कहने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भाजपा के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार कॉमेडियन कुणाल कामरा के साथ क्या करती है। जो भी करे, वह भविष्य की बात होगी लेकिन मुम्बई के खार पुलिस स्टेशन का सम्मन कुणाल को भिजवा दिया गया है। कामरा ने साफ कर दिया है कि 'वे माफी नहीं मांगेंगे और न ही भीड़ से डरकर बिस्तर के नीचे छिपकर माहौल शांत होने का इंतज़ार करेंगे।' उनका यह दावा तो सही है कि वे जो कर रहे हैं वह सब कुछ संविधान के दायरे में रहकर ही कर रहे हैं। वैसे भी जिस शो को लेकर यह सारा बखेड़ा खड़ा हुआ है, उसे देखें तो शो के अंत में तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कामरा संविधान की प्रति दिखला रहे हैं और कह रहे हैं कि 'वे जो कुछ कह रहे हैं वह इसके अनुकूल है।'



डॉ. दीपक पाचपोर

यह विधिसम्मत है। अब यह भी सोचें कि जो भाजपा, शिंदे की शिवसेना तथा अजित पवार कह रहे हैं या कर रहे हैं वह संविधानसम्मत या कानून के अंतर्गत है? बिलकुल नहीं! आयोजनस्थल की तोड़-फोड़ करना कानूनी तौर पर सही नहीं है क्योंकि मामले की अभी तक पुलिस जांच भी प्रारम्भ नहीं हुई है। यदि न्यायालय कुणाल कामरा की कॉमेडी में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं पाता और कॉमेडियन को क्लीन चिट देता है तो क्या सरकार या महानगरपालिका उस होटल व स्टूडियो को मुआवजा देगी?

यानी यह विधिसम्मत है। अब यह भी सोचें कि जो भाजपा, शिंदे की शिवसेना तथा अजित पवार कह रहे हैं या कर रहे हैं वह संविधानसम्मत या कानून के अंतर्गत है? बिलकुल नहीं! आयोजनस्थल की तोड़-फोड़ करना कानूनी तौर पर सही नहीं है क्योंकि मामले की अभी तक पुलिस जांच भी प्रारम्भ नहीं हुई है। यदि न्यायालय कुणाल कामरा की कॉमेडी में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं पाता और कॉमेडियन को क्लीन चिट देता है तो क्या सरकार या महानगरपालिका उस होटल व स्टूडियो को मुआवजा देगी? वैसे सुप्रीम कोर्ट ऐसी कार्रवाई के प्रति नाराज़गी जता चुका है। दूसरे, शिंदे द्वारा यह कहना, जो खुद भी मुख्यमंत्री रह चुके हैं, कि 'एक्शन का रिएक्शन होता ही है', अपने कार्यकर्ताओं को उकसाना ही कहलायेगा। फिर, शिवसेना (शिंदे गुट) के प्रवक्ता तथा कई नेताओं द्वारा कामरा से 'शिवसेना स्टाइल' में निपटने की बात कहना तो सीधे-सीधे कानून अपने हाथों में लेना ही है। हिन्दुस्तान भर में कामरा को घूमने-फिरने नहीं देने की धमकी भी हिंसात्मक उपाय अपनाने की चेतावनी है। सरकार को क्या इसका संज्ञान लेकर उन कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं करनी चाहिये?

भाजपा, शिंदे की शिवसेना और अजित की एनसीपी तीनों की नाराज़गी इसलिये स्वाभाविक है क्योंकि कामरा ने अपनी कॉमेडी में तीनों को एक हमाम में नहला दिया है- चाहे पैरोडी मुख्यत: शिंदे पर रची गयी हो। इस सरकार के बनने का इतिहास जो जानते हैं उन्हें उनकी बौखलाहट पर कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिये। अवमानना मामले में सत्य ही बचाव है। यह सच है कि पिछली वाली महाराष्ट्र सरकार अनैतिक तरीकों का इस्तेमाल करके बनाई गयी थी। शिंदे व अजित पवार की धोखेबाजी से उद्धव ठाकरे की सरकार गिरी थी। पहले शिंदे सीएम थे और फडणवीस डिप्टी सीएम। यह भी कॉमेडी से कुछ कम नहीं कि पहले पांच साल मुख्यमंत्री रहे फडणवीस शिंदे के तहत उप मुख्यमंत्री रहे, फिर दोनों के स्थान परस्पर बदल गये। सत्ता के लिये ऐसी अपमानजनक व हास्यास्पद स्थिति से कोई और राज्य या राजनेता स्वतंत्र भारत में कभी नहीं गुजरे। ऐसे में यह सरकार और उसके कार्यकलाप किसी कॉमेडियन के प्रहसन के ही विषय हो सकते हैं। इसी कार्यक्रम में, जिसके वीडियो जमकर वायरल, लाइक और शेयर हो रहे हैं, मोदी को कामरा ने 'तानाशाह' कहा है। साथ ही इटली की उनकी हाल की यात्रा का जिक्र भी था जिसकी कामरा ने खिल्ली उड़ाई है। यह भाजपा की नाराजगी का कारण हो सकता है। वैसे मोदी व भाजपा को याद रखना चाहिये कि संसद के जारी सत्र में मोदी ने यह कहकर एक तरह से नेहरू को 'तानाशाह' बतलाया था कि, 'एक तरह से नेहरू का अपना ही संविधान था।'

दरअसल मोदी का पिछला 11 वर्षों का कार्यकाल निहायत अकर्मण्यता भरा व उपलब्धिविहीन रहा है। विपक्ष को गरियाने, अतीत को कोसने, भविष्य के सब्ज़बाग दिखाने, खुद की छवि बनाने, अनैतिक तरीकों से सरकारें गिराने-बनाने तथा अपने कारोबारी मित्रों को लाभ पहुंचाने मात्र का उनका राजनीतिक कैरियर होने से वे मामूली सी आलोचना से भी डरते हैं। उन्हें जानना चाहिये कि सत्ता व शोहरत के शिखर पर बैठे जवाहरलाल नेहरू भी अपने विरोधियों को अपनी आलोचना करने हेतु आमंत्रित करते थे। कार्टूनिस्ट शंकर ने उन्हें जब गधे के रूप में चित्रित किया तो नेहरूजी ने उन्हें यह कहकर आमंत्रित किया था कि 'क्या वे एक गधे के साथ चाय पीना पसंद करेंगे?' आरके लक्ष्मण को इंदिरा गांधी ने स्वयं पर बनाये कार्टून पर कहा था- 'बाकी तो ठीक है पर तुमने मेरी नाक कुछ ज्यादा ही लम्बी कर दी है।' विपक्षियों पर अश्लील व भद्दे मज़ाक करने वाली पूरी बिरादरी आज एक सामान्य से कॉमेडियन से थरथरा रही है। 56 इंच की छाती का दावा करने वाले इस डरे हुए समूह का नेतृत्व करते हैं- यह सबसे बड़ी कॉमेडी है।

**(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)**

# श्रम संहिताओं के खिलाफ दो महीने का अभियान शुरू, 20 मई को हड़ताल

■ डॉ. ज्ञान पाठक

10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और स्वतंत्र क्षेत्रीय संघों और संगठनों के संयुक्त मंच द्वारा आयोजित राष्ट्रीय श्रमिक सम्मेलन में विवादास्पद चार श्रम संहिताओं के खिलाफ घोषणा को अपनाने के बाद श्रमिकों इसके विरोध में अभियान फिर से शुरु हो गया है जो दो महीनों तक चलेगा तथा जिसके समापन के दिन 20 मई को श्रमिकों की राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल होगी।

उधर केंद्र सरकार, जो 1 अप्रैल, 2025 से श्रम संहिताओं को लागू करने की संभावना का आकलन करने के लिए पहले से ही उच्च स्तरीय बैठकें कर रही थी, अब यह जानने के लिए जमीनी स्तर की स्थिति का पुनर्मूल्यांकन कर रही है कि क्या वित्तीय वर्ष 2025-26 की शुरुआत से श्रम संहिताओं को लागू करना अभी भी संभव है?

18 मार्च, 2025 को नई दिल्ली में आयोजित श्रमिकों के राष्ट्रीय सम्मेलन द्वारा अपनायी गयी घोषणा में कहा गया है कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार श्रम संहिताओं को लागू करने में अत्यधिक सक्रिय हो गये है। ये संहिताएं उनके कार्यस्थलों पर श्रमिकों के लगभग सभी अधिकारों और हकों को छीन लेंगी।

सीटीयू/फेडरेशन इसे काम के घंटे, न्यूनतम मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा आदि सहित परिभाषित कार्य स्थितियों से संबंधित श्रमिकों के सभी बुनियादी अधिकारों के लिए एक गंभीर चुनौती के रूप में लेते हैं, और साथ ही मानते हैं कि इस तरह उनके संघीकरण, मान्यता, सामूहिक सौदेबाजी, आंदोलन/संघर्ष और हड़ताल आदि के अधिकार सहित विरोध के किसी भी रूप की सामूहिक अभिव्यक्ति को छीनने की कोशिश की जा रही है। उनके अनुसार श्रमिकों द्वारा किसी भी सामूहिक असहमति के खिलाफ क्रूर और प्रतिशोधात्मक दंडात्मक उपाय किये जा रहे हैं। संक्षेप में, श्रम संहिताएं कॉर्पोरेट/नियोक्ता वर्ग के हितों में कामकाजी लोगों पर आभासी गुलामी की स्थिति थोपने का खाका हैं।

घोषणापत्र में कहा गया है, 'गठबंधन व्यवस्था के माध्यम से तीसरी बार केंद्र में सत्ता में आने के बाद सरकार मेहनतकश आबादी के भारी बहुमत के जीवन और आजीविका पर अपनी कॉर्पोरेट गुलामी नीति को लागू करने के लिए बेहद बेताब हो गयी है। इसके परिणामस्वरूप गरीबी बढ़ती जा रही है, भुखमरी और कुपोषण का प्रसार गरीबी के स्तर से नीचे हो रहा है, बेरोज़गारी में बेतहाशा वृद्धि हो रही है और साथ ही नौकरियों की गुणवत्ता में भारी गिरावट अमानवीय स्तर तक पहुंच गयी है।'

घोषणापत्र में कहा गया है कि इसके साथ ही कॉर्पोरेट और बड़े-व्यापारियों का मुनाफ़ा अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। नवीनतम आधिकारिक आर्थिक सर्वेक्षण का हवाला देते हुए इसमें कहा गया है कि अनौपचारिक अर्थव्यवस्था के श्रमिकों का वेतन वर्ष 2017-2018 के स्तर से 2023-2024 में गिर गया है। इसके विपरीत रोजगार में वृद्धि केवल 1.5 प्रतिशत थी। आकस्मिक पुरुष श्रमिक प्रतिदिन 203 रुपये से 242 रुपये के बीच कमा रहे थे, जबकि महिलाओं को प्रतिदिन 128 से 159 रुपये के बीच मेहनताना मिल रहा था। इसी सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह भी दर्शाया गया है कि कॉर्पोरेट क्षेत्र के मुनाफे में 22.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

जहां तक असमानता का सवाल है, घोषणापत्र में कहा गया है, 'हमारे देश में असमानताएं बढ़ रही हैं। 5 प्रतिशत शीर्ष आबादी के पास 70 प्रतिशत संपत्ति है, जबकि नीचे से 50 प्रतिशत लोगों के पास संपत्ति में केवल 3 प्रतिशत हिस्सा है। सबसे अमीर भारतीय यूरोपीय अरबपतियों से भी अधिक अमीर हैं, जबकि सबसे गरीब भारतीय मेडागास्कर से भी अधिक गरीब हैं, जहां वर्तमान शासन के दस वर्षों से अधिक के दौरान गरीबी में 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा किये गये अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार 2018 में 90 प्रतिशत परिवारों को अंतरराष्ट्रीय मानकों से भी अधिक गरीब माना गया।'

राष्ट्रीय सम्मेलन ने कहा कि श्रम संहिताओं को लागू करने का निर्णय कॉर्पोरेट वर्ग की चल रही परियोजना का अभिन्न अंग है, जो आम लोगों के बुनियादी लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों पर भारी अंकुश लगाने के लिए हैं, जिसमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और असहमति के अधिकार शामिल हैं। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के नवीनतम संस्करण सहित यूएपीए, पीएमएलए जैसे कई अधिनियमों के माध्यम से सामूहिक असहमति पर अंकुश भी इसी का अंग है। लगभग सभी प्रकार के शासन को फासीवादी इरादे से उग्र रूप से अधिनायकवादी बनाने के उद्देश्य से कई प्रशासनिक और कार्यकारी उपाय किये जा रहे हैं। इनका उद्देश्य राष्ट्रीय हित के खिलाफ कॉर्पोरेट समर्थक नीतियों के सभी लोकतांत्रिक और सामूहिक विरोध को कुचलना है। घोषणा में कहा गया है कि सामूहिक कार्रवाई, यहां तक कि श्रमिकों और उनके यूनियनों द्वारा सामूहिक शिकायत दर्ज करने को बीएनएस की धारा 111 के अनुसार 'संगठित अपराध' के रूप में व्याख्या करने की कोशिश की जा रही है, जिसके परिणामस्वरूप श्रमिकों और उनके यूनियन नेताओं की गैर-जमानती कारावास सहित कठोर पुलिस कार्रवाई हो रही है। कई राज्यों में प्रबंधन या श्रम विभाग के समक्ष अपनी शिकायत सामूहिक रूप से प्रस्तुत करने पर श्रमिकों और यूनियन नेताओं के विरुद्ध आपराधिक कार्रवाई की ऐसी घटनाएं पहले ही शुरू हो चुकी हैं, जिनमें ट्रेड यूनियन नेताओं और कार्यकर्ताओं को अनेक मामलों में फंसाया गया है।

राष्ट्रीय सम्मेलन ने कहा कि श्रम संहिताओं को लागू करने का निर्णय कॉर्पोरेट वर्ग की चल रही परियोजना का अभिन्न अंग है, जो आम लोगों के बुनियादी लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों पर भारी अंकुश लगाने के लिए हैं, जिसमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और असहमति के अधिकार शामिल हैं। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के नवीनतम संस्करण सहित यूएपीए, पीएमएलए जैसे कई अधिनियमों के माध्यम से सामूहिक असहमति पर अंकुश भी इसी का अंग है।

इन मांगों को ध्यान में रखते हुए, घोषणापत्र में कहा गया कि श्रम संहिताओं के क्रियान्वयन को राष्ट्रीय स्तर पर एकजुट कार्रवाई और साथ ही एकजुट क्षेत्रीय प्रतिरोध के माध्यम से मजदूर वर्ग द्वारा देशव्यापी एकजुट विरोध और प्रतिरोध के माध्यम से रोका जाना चाहिए और निर्णायक रूप से पराजित किया जाना चाहिए। यह मजदूर वर्ग के आंदोलन के साथ-साथ देश के शासन के संवैधानिक और लोकतांत्रिक ढांचे की रक्षा के लिए जीवन-मरण का प्रश्न है।

10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों-इंटक, एटक, एचएमएस, सीटू, एआईयूटीयूसी, टीयूसीसी, सेवा, एआईसीसीटीयू, एलपीएफ, और यूटीयूसी - और स्वतंत्र राष्ट्रीय क्षेत्रीय महासंघों और संघों द्वारा तैयार किये गये श्रमिक अभियान में अप्रैल 2025 के मध्य तक राज्य, जिला और क्षेत्रीय सम्मेलनों का आयोजन शामिल है। श्रम संहिताओं के कार्यान्वयन की घोषणा के अगले दिन ही प्रतिरोध प्रदर्शन आयोजित किये जायेंगे और उसके बाद 20 मई, 2025 को आम हड़ताल तक व्यापक अभियान चलाया जायेगा। अप्रैल और मई 2025 के दौरान पूरे देश में पैदल, साइकिल और मोटर वाहन मार्च का आयोजन किया जायेगा। राष्ट्रीय, राज्य, जिला और स्थानीय स्तर के अलावा कार्यशालाओं में भी विरोध प्रदर्शनों की योजना बनायी गयी है।

अधिकांश राज्यों ने पहले ही चार श्रम संहिताओं के तहत नियम बना लिये हैं, लेकिन कई केंद्रीय और राज्य नियमों में अंतर बना हुआ है। मतभेदों के साथ, एक बार में श्रम संहिता को सुचारू रूप से लागू करना असंभव है। श्रम संहिताओं को लागू करने के खिलाफ श्रमिकों के आंदोलन ने अब केंद्र को अपनी मौजूदा रणनीति पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर कर दिया है, हालांकि उसने पहले ही श्रम संहिताओं के कुछ प्रावधानों को अधिसूचित कर दिया है। इसलिए आने वाले दो महीने देश में औद्योगिक संबंधों के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## आपके पत्र

### अत्तिला के हूण आखिर कौन थे?

हूण लोग लुटेरे योद्धाओं के रूप में विख्यात हैं। ये लोग लगभग 370 ईसा पूर्व में रोमन साम्राज्य की सीमाओं पर पहुंचे, जब यह साम्राज्य लड़खड़ा ही रहा था। फिर कुछ दशकों बाद फौजी नायक अत्तिला के नेतृत्व में हूणों ने इसे पूरी तरह से पतन की ओर धकेल दिया। इतने कम समय में भी अत्तिला ने साम्राज्य को बहुत प्रभावित किया था। इसमें कोई दो-राय नहीं है कि हूण जहां भी गए, अपनी छाप छोड़ी।

लेकिन इतिहासकारों के बीच हमेशा से ही यह बहस का विषय रहा है कि हूण मूलत: कहां से आए थे। एक अनुमान था कि 'हूण' शब्द 'श्योन्नू' शब्द से आया है, जो घास के मैदानों के घुमंतुओं के एक समूह को दर्शाता है। 200 ईसा पूर्व के आसपास चीन की उत्तरी और पश्चिमी सीमाओं पर श्योन्नू लोगों की दहशत थी, और 100 ईस्वीं के आसपास उनका पतन हो गया। एक मत था कि हूण संभवत: यही श्योन्नू लोग थे जो मध्य एशिया के अल्ताई पहाड़ों से निकलकर 5000 किलोमीटर दूर रोम की सीमाओं तक पहुंचे और रोमन साम्राज्य के पतन का एक कारण बने। लेकिन पुरातात्विक साक्ष्य इसे पूरी तरह साबित नहीं कर पा रहे थे: श्योन्नू लोगों की कब्रें 300 साल बाद के हूणों की कब्रों जैसी नहीं थीं, और यह अंतर दोनों के एक होने के विचार को खारिज करता था।

अब, नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज़ में प्रकाशित ट्यूबिंगन विश्वविद्यालय के आनुवंशिकीविद गाइडो नेची रुस्कोन और ओटवोस लॉरैंड विश्वविद्यालय के पुरातत्वविद सोफिया राज़ के शोधदल द्वारा किया गया डीएनए आधारित अध्ययन बताता है कि कुछ हूण श्योन्नू अभिजात वर्ग के दूर के वंशज थे, लेकिन वे रोम के आसपास रहने वाली जनजातियों के समूह का हिस्सा बन गए थे।

दरअसल, वर्तमान हंगरी में दफन करीब 400 से 500 ईसवीं के समय की हूणों की सैकड़ों कब्रों की जांच करते समय शोधकर्ताओं को ऐसी कब्रें और कंकाल मिले जो बाकियों से अलग थे; इन कब्रों में दफन सामान भी बाकी कब्रों के सामान से अलग था और कंकालों की कद-काठी भी बाकी कब्रों में दफन कंकालों से अलग थीं। कुछ कंकालों से लगता था कि खोपड़ी को लंबी बनाने के लिए बचपन में बांधा गया था, और कुछ कब्रों में शव के साथ घोड़ों के सिर और खाल रखे गए थे। इससे लगता था कि ये कंकाल मध्य यूरेशियाई घास के मैदानों में रहने वाले घुड़सवारों के सम्बंधियों के होंगे।

इन कंकालों की जेनेटिक बनावट की जांच में पाया गया कि कब्र में दफन कुछ लोगों के और श्योन्नू के कुलीन वर्गों के पूर्वज साझा थे। और कुछ कंकाल ऐसे थे जो सीधे तौर पर कुलीन श्योन्नू योद्धाओं से सम्बंधित थे; या तो वे कुलीन वर्गों के वंशज थे, या उनके करीबी सम्बंधियों के वंशज थे। यह संभव है कि ये योद्धाओं के एक समूह का ऐसा हिस्सा थे जिन्होंने अपनी घास के मैदान की संस्कृति को बरकरार रखा था।

लेकिन हंगरी की कब्रों में दफन 'हूण' में श्योन्नू वंशज बहुत थोड़ी संख्या में थे। इसे देखकर लगता है कि पूर्व की ओर से लोगों का प्रवास हुआ तो था लेकिन बड़े पैमाने पर नहीं। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि संभवत: 1900 साल पहले श्योन्नू साम्राज्य के कुलीन लोग साम्राज्य के पतन के बाद बिखर गए होंगे; बिखराव के बाद कुछ लोग वहीं रुके रहे होंगे, कुछ को बाहर निकाल दिया गया होगा, कुछ लोगों को नए काम/अवसर मिल गए होंगे, और कुछ लोग पश्चिम की ओर पलायन कर गए होंगे। हालांकि अपनी जगह से कहीं और जाना जोखिमपूर्ण था, क्योंकि किसी और के इलाकों से गुज़रने का एक मतलब होता है कि रास्ते में वहां के लोगों से टकराव में आप अपने साथी, पशुधन या माल-असबाब खो दें। इस जोखिम को श्योन्नू लोगों ने सोच-समझकर चुना हालांकि कुछ ही लोग इसे पार कर पाए। और जो लोग पार कर गए उन्होंने स्थानीय संस्कृतियों के साथ खुद को ढाल लिया और वहां की स्थानीय जनजातियों से विवाह सम्बंध बनाए।

वे अपनी आनुवंशिक विरासत तो साथ लेकर गए, लेकिन अपनी संस्कृति स्थानीय लोगों के साथ ढाल ली। यह अनुमान शोधकर्ताओं ने उनकी कब्रों और पूर्व में दफन उनके पूर्वजों की कब्रों अंतर के आधार पर दिया है - उनकी कब्रों में विशिष्ट बड़े आकार के सोने की परत वाले कांस्य बेल्ट बकल और अन्य आभूषणों का अभाव था जो उनके पूर्वजों की कब्रों में पाए जाते हैं।

**स्त्रोत फीचर्स**



## ललित सुरजन की कलम से

### वैमनस्य की राजनीति

*'नरेन्द्र मोदी की निगाह में राहुल गांधी शहजादे हैं, लेकिन वे गुजरात में अपने ही मंत्री सौरभ पटेल के बारे में बात नहीं करते जो कि नवकुबेर अंबानी के दामाद हैं। श्री मोदी अपनी पार्टी के इतिहास की भी जानबूझ कर अनदेखी कर देते हैं। विजयाराजे सिंधिया क्या थीं? उनकी बेटियां वसुंधरा राजे और यशोधरा राजे क्या हैं? वसुंधराजी के बेटे दुष्यंत सिंह को किस श्रेणी में रखा जाएगा, और वसुंधराजी के मामा ध्यानेंद्र सिंह और मामी माया सिंह को? मोदीजी के तर्क के अनुसार तो मेनका गांधी और उनके सुपुत्र वरुण गांधी को भी भाजपा में नहीं होना चाहिए और न ही प्रेमकुमार धूमल के बेटे अनुराग सिंह को। मोदीजी ने यशवंत सिन्हा के बेटे जयंत सिन्हा को इस बार लोकसभा का टिकट क्यों दिया? मुझे और भी बहुत से उदाहरण याद आ रहे हैं, लेकिन कहां तक नाम गिनाएं! प्रश्न है कि श्री मोदी व उनके प्रशंसक समर्थक शीशे के घर में रहकर दूसरे के घर पत्थर क्यों फेंक रहे हैं।'*

**(देशबन्धु में 08 मई 2014 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2014/05/blog-post_7.html

## पावन प्रसंग

### सजग रहें आने वाले पलों के लिए

जीवन में कठिन परिस्थितियों कभी बता कर नहीं आतीं हैं, इसीलिए मनुष्य को हर कठिन तथा विषम परिस्थिति के लिए सदैव सजग तथा सावधान रहने की आवश्यकता है। खुशियां तथा अवसाद हर मनुष्य के जीवन के दो पहलू हैं। अब यह आप पर निर्भर है कि आप इन परिस्थितियों को किस तरह अपने जीवन में आत्मसात कर संतुलित करते हैं। जीवन एक गणित की तरह है कभी-कभी दो और दो चार तथा कभी दो और दो पांच भी हो जाते हैं। दो और दो पांच का मतलब विषम परिस्थितियों का सामना करना। वैसे भी जीवन मैं ऊंचाइयां पाने के लिए सदैव संघर्षरत रहना होता है। सिर्फ मानव प्रजाति में सोचने समझने और मुस्कुराने की शक्ति होती है। मनुष्य की सर्व चेतनाओं से परिपूर्ण होता है। पत्थरों में चेतना शून्य होती है, पेड़-पौधों में पल्लवित पुष्पित होती है, पशु-पक्षियों में चलायमान होती है और मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जिसमें मानव मस्तिष्क चिंतन मनन कर किसी समस्या का समाधान निकालता हैं। यह सर्वविदित है कि मनुष्य का जीवन विभिन्न सामाजिक मानसिक संघर्षों का केंद्र होता है। मनुष्य ने सदैव मानसिक शारीरिक शक्ति और दृढ़ संकल्प के बलबूते पर हर समस्या पर समय-समय पर विजय प्राप्त करता है, और अपने लक्ष्य को बड़ी दृढ़ता के साथ प्राप्त किया है। मनुष्य के जीवन में जब उत्साह, ऊर्जा एवं अपनी क्षमताओं के उपयोग करने का पूर्ण रूप से आत्मविश्वास होता है तो वह परिस्थितियों का सामना बखूबी कर अपने जीवन को सुचारू रूप से संचालित करता है। एक मानव प्रजाति ही ऐसी प्रजाति है जिसकी संकल्प शक्ति इतनी ऊर्जावान एवं महत्वपूर्ण होती है कि वह प्रगति की विविधताओं, विषमताओं एवं अपार शक्ति को भी आसानी से नियंत्रित कर लेता है एवं उसका स्वयं के लिए समाज के लिए देश के लिए सकारात्मक उपयोग करने में भी सक्षम होता है। जीवन में मनुष्य को सदैव अपने आप को व्यस्त रख कार्यशील रहना चाहिए, क्योंकि व्यस्त व्यक्ति ही किसी कार्य को उसकी परिणति तक पहुंचा सकता है, खाली दिमाग सदैव शैतान का घर होता है एवं उसमें नकारात्मक विचार प्रवेश कर मन को मायूस कर देते हैं। आपका मन या मनोबल या संकल्प ही जब एकाग्रचित्त ऊर्जावान तथा शक्तिशाली होगा तो आपके सामने कितना भी क्लिष्ट व कठिन लक्ष्य हो उसमें आप सफलता अवश्य पा सकेंगे। इसलिए मनुष्य को सदैव कर्मरत रहना चाहिए। इसका यह भी अभिप्राय है कि मनुष्य को अपने आपको सदैव स्वस्थ एवं व्यस्त रखना जरूरी है।

मन में दृढ़ संकल्प रखकर हमारी दुनिया में लोगों ने ऐसे असंभव कठिन तथा दुरूह कार्यों को अपनी मानसिक शक्ति से संभव कर दिखाया है जिसकी हम कतई कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों की विपन्न स्थिति एवं आर्थिक कमी के बावजूद उन्होंने अपनी मानसिक दृढ़ता, उच्च संकल्प शक्ति और संगठन क्षमता के दम पर भारत देश को आजाद कराया। इसमें नि:संदेह महात्मा गांधी, सरोजनी नायडू, सरदार वल्लभ भाई पटेल, जवाहरलाल नेहरू, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस और न जाने कितने महापुरुषों ने संघर्ष कर सफलता पाई हैं। जिन्होंने अपनी मानसिक शारीरिक शक्ति तथा ऊर्जा के दमखम पर देश को अंग्रेजों के चंगुल से निकाल कर आजादी की हवा की सांस लेने का देशवासियों को मौका दिया है। हम उनका नमन करते हैं उन्हें श्रद्धांजलि भी देते हैं और उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति एवं संकल्प को आदर्श के रूप में लेकर अपने जीवन में उतारने का प्रयास भी करेंगे।

**-संजीव ठाकुर**

### अहार संकुल केंद्र शासकीय हाई स्कूल लुहर्रा का मामला

# स्कूल से अनुपस्थित होने के बाद भी शिक्षिका ने लिया वेतन

अखण्ड यादव

**बल्देवगढ़, देशबन्धु ।** प्रदेश सरकार सिस्टम में पारदर्शिता लाने के लिए भले ही अनेकों प्रयास कर रही है , लेकिन बिचोलिया उसका तोड़ निकाल ही लेते हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण लुहर्रा के हाई स्कूल में देखने को मिला है। जहां जिम्मेदारों ने लीपापोती कर शिक्षिका सिंधुजा द्विवेदी की अनुपस्थित दिनांक की फर्जी हाज़िरी लगाकर भुगतान कर दिया है।

दरअसल मामला यह है , शासकीय हाई स्कूल लुहर्रा में पदस्थ शिक्षिका सिंधुजा द्विवेदी 10 फरवरी दिन सोमवार को अनुपस्थित रहीं थी जिसकी जानकारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार अहिरवार एवं संकुल प्राचार्य पराग पांडे को दी गई। जिस पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं संकुल प्राचार्य ने वेतन काटने की कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था , लेकिन आज दिनांक तक वेतन काटने की कार्रवाई नहीं की गई , जिस कारण शिक्षिका सिंधुजा द्विवेदी शासन के नियमों को दरकिनार कर विद्यालय में मनमानी करती नज़र आ रहीं हैं। आश्चर्य की बात तो यह है , कि संकुल प्राचार्य एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी को यह सब ज्ञात होने के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं की



गई है जबकि संरक्षण देते हुए नजर आ रहे हैं।

सूत्रों की माने तो शिक्षिका सिंधुजा द्विवेदी की कमीशन की दम पर संकुल प्राचार्य पराग पांडे से लेकर डीपीसी पी आर त्रिपाठी एवं जिला शिक्षा अधिकारी आई एल आठ्या से अच्छी खासी पकड़ है। जिम्मेदारों से खासी पकड़ होने के कारण शिक्षिका सिंधुजा द्विवेदी के हौसले बुलंद है। और शासन की दिशा निर्देशों में पलीता लगाते हुए , मनमर्जी अनुसार विद्यालय आती एवं जाती हैं। क्योंकि ज़िम्मेदार उनकी अनुपस्थिति को उपस्थिति में तब्दील कर देते हैं। यह सिलसिला लंबे समय से चला आ रहा है। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो रहा है।

### इनका कहना है।

मैं दिखवा लेता हूं। इस माह कार्रवाई कर दी जाएगी

**एम. के. अहिरवार**, विकासखंड शिक्षा अधिकारी बल्देवगढ़

# युवा मोर्चा ने डॉ. मोहन यादव के जन्मदिवस पर किया सुंदरकांड पाठ



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने होमगार्ड हनुमान मंदिर नए बस स्टैंड टीकमगढ़ पर बड़ी संख्या में एकत्रित होकर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती सरोज राजपूत की उपस्थिति में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के जन्मदिवस के अवसर पर युवा मोर्चा ने सुंदरकांड पाठ करते हुए उनकी दीर्घायु की कामना की व वृक्षारोपण किया।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष अभय यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती सरोज राजपूत की उपस्थिति में होमगार्ड हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड पाठ किया गया व वृक्षारोपण करते हुए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की दीर्घायु की कामना की। जिनके स्वरूप आज प्रदेश प्रगति के पथ पर चलकर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। डॉ मोहन यादव के कार्यकाल में जनहित कार्यों में इजाफा हुआ है। लोगों तक शासन की योजनाएं आसानी से पहुंच रही है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव युवाओं के रोजगार के नई अवसर पैदा करने के लिए विभिन्न जिलों में इंडस्ट्री औद्योगिक इकाई स्थापित कर रहे है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती सरोज राजपूत ने कहा कि युवा मोर्चा द्वारा आज यह सुंदरकांड पाठ व वृक्षारोपण करवाया गया है। जिसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देती हूं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश खुशहाल राज्य के रूप में आगे बढा है, जो अपनी सशक्त पहचान बनाते हुए लोगों में नई उम्मीद की किरण लाते हुए प्रदेश की वैश्विक स्तर पर पहचान स्थापित हो पाई है। पौधारोपण कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री पूरन लोधी, जिला उपाध्यक्ष बलवीर जोशी, वरिष्ठ नेता डॉ बीके राय, जिला मंत्री जनमेजय तिवारी, नगर मंडल अध्यक्ष नरेश तिवारी, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष प्रियंक चीकू यादव, जितेंद्र जैकी यादव, उत्कर्ष श्रीधर, स्वप्निल तिवारी, विनायक रावत, मनोज अहिरवार, गुलशन यादव, हिमांशु तिवारी आदि युवा मोर्चा के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## इंडियन बैंक के नए भवन का कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने किया उद्घाटन



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शहर में पिछले कई वर्षों से संचालित इंडियन बैंक ग्राहकों को अपनी सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। आज मंगलवार को इंडियन बैंक के नवीन भवन का उद्घाटन कलेक्टर विवेक श्रोतिय एवं इंडियन बैंक मंडल प्रमुख सतना राजेश बड़ोदिया द्वारा का शुभारंभ किया गया है। बैंक मैनेजर मनीष जैन ने जानकारी दी है कि आज 25 मार्च को इंडियन बैंक टीकमग? के नवीन भवन का उद्घाटन कलेक्टर विवेक श्रोतिय व राजेश ब?ौदिया इंडियन बैंक मंडल प्रमुख सतना द्वारा किया गया है। आज से बैंक के समस्त कार्य इसी भवन में किए जाएंगे। इंडियन बैंक भारत के प्रमुख बैंकों में से एक है और टीकमगढ़ में लंबे समय से ग्राहकों को अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है।

### महेंद्र सागर तालाब को पर्यटन स्थल बनाने की पहल

# लंका और ताल कोठी का होगा जीर्णोद्धार

### लाइटिंग और बोटिंग की होगी सुविधा

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने मंगलवार को महेंद्र सागर तालाब का दौरा किया। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार और सीएमओ ओमपाल सिंह के साथ तालाब के सौंदर्यीकरण की योजना का जायजा लिया। कलेक्टर ने जिले के ऐतिहासिक स्मारकों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना बनाई है। इसके तहत महेंद्र सागर तालाब के बीच स्थित लंका का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। तालाब पर स्थित तीन प्रमुख इमारतें हैं - ताल कोठी जिसे अयोध्या, मध्य में स्थित ऐतिहासिक इमारत जिसे लंका और उसके बगल में बना छोटा भवन जिसे विभीषण का निवास कहा जाता है।

महाराजा प्रताप सिंह जूदेव ने 1910 में लंका का निर्माण करवाया था। कलेक्टर ने बताया कि इस ऐतिहासिक इमारत का मूल स्वरूप बरकरार रखते हुए रेनोवेशन किया जाएगा। इसमें सफाई, रंगाई-पुताई और लाइटिंग की व्यवस्था की जाएगी। पर्यटकों के लिए तालाब में बोटिंग और साउंड की सुविधा भी शुरू की जाएगी। निरीक्षण के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत, सांसद प्रतिनिधि विवेक चतुर्वेदी, अभिषेक खरे, मनोज देवलिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



# बुड़ेरा में एनएसएस शिविर लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पीजी कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. धनीराम अहिरवार, डॉ. मुकेश के निर्देशन में पीजी कॉलेज के छात्रों द्वारा कस्बा बुडेरा के शासकीय हा.से. स्कूल में एनएसएस कैंप का संचालन किया जा रहा है। जिसके निर्देशक प्रोफेसर डॉ. धनीराम अहिरवार, डॉ.मुकेश द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत थाना परिसर बुडेरा में स्वच्छता कार्यक्रम रखा गया था, जो आज 25 मार्च को कैंप के छात्रों एवं थाना बुडेरा के स्टाफ द्वारा थाना परिसर बुडेरा में साफसफाई की गई एवं थाना प्रभारी उनि अंकित द्विवेदी द्वारा छात्रों को जीवन में स्वक्षता एवं राष्ट्रीय सेवा के महत्व के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी उ.नि. अंकित द्विवेदी द्वारा पीजी कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. धनीराम अहिरवार, डॉ. मुकेश एवं छात्रों का सम्मान किया गया।

## तनाव मुक्त जीवन के लिए पुलिस कर रही योग और ध्यान



**लिधौरा, देशबन्धु।** थाना परिसर में लाइन में आयोजित तीन दिवसीय हार्टफुलनेस ध्यान केंद्र के प्रशिक्षण में 30 से अधिक पुलिसकर्मी सहित स्टाफ के लोग शामिल हुए। प्रशिक्षकों ने सभी को योग और ध्यान का अभ्यास कराया गया। लिधौरा थाना प्रभारी गिरिजा शंकर बाजपेई ने बताया कि एसपी मनोहर सिंह मंडलोई ने पुलिसकर्मियों को जीवनशैली में बदलाव लाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि तनावमुक्त जीवन के लिए नियमित योग और ध्यान जरूरी है। यह मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के साथ जीवन में सकारात्मकता लाता है। भोपाल पुलिस मुख्यालय की पहल पर यह कार्यक्रम प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित किए जा रहे है।प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रतिभागियों ने उत्साह से भाग लिया। तालियां बजाकर और हंसी के साथ अलग-अलग गतिविधियों में हिस्सा लिया। इस तरह के आयोजन से पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों को तनाव से मुक्ति मिलने में मदद मिलेगी।

# भ्रष्टाचार मुक्त बनाएंगे ग्राम पंचायतः सुरेंद्र

### बैरवार में एनएसएस के शिविर का हुआ आयोजन

**जतारा, देशबन्धु।** आज एनएसएस महिला इकाई शासकीय महाविद्यालय जतारा के सात दिवसीय कैंप में बेटी बचाओ एवं बाल विवाह की थीम पर स्वयंसेवक ने रेली एवं नुक्कड़ नाटिका का आयोजन किया। नाटिका के माध्यम से छात्राओं ने ग्राम वासियों को बताया कि बच्चियों का विवाह कम आयु में होने पर वह शारीरिक रूप से कमजोर होने के कारण स्वस्थ संतति को जन्म नहीं दे सकती है। साथ ही उसकी स्वयं की जान को भी खतरा रहता है। रैली में भी नारों के माध्यम से जागरूकता लाने का प्रयास किया गया। बौद्धिक सत्र में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैरवार सरपंच सुरेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि हमारा ग्राम भ्रष्टाचार एवं व्यसन मुक्त ग्राम है और हमारी कोशिश रहेगी कि बैरवार ग्राम पंचायत हमेशा भ्रष्टाचार मुक्त ही रहे। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को किसी भी काम के लिए परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। ग्रामीणों की हर संभव कार्य किए जाएंगे। गांव के विकास में सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा पटवारी पुष्पेंद्र सिंह खंगार एवं सचिव गिरवर सिंह बुंदेला एवं समस्त प्रशासन का पूर्ण सहयोग प्राप्त होता रहता है। कार्यक्रम में पटवारी पुष्पेंद्र सिंह ने पटवारी के कार्यों के महत्व को बताया। भूतपूर्व छात्र एवं एबीवीपी कार्यकर्ता पीयूष साहू ने पत्रकारिता का महत्व एवं योग्यता में किस प्रकार वृद्धि करें पर अपने विचार व्यक्त किया। पीयूष साहू ने कई प्रेरणादायक कहानियों से छात्रों को संबोधित किया। कार्यक्रम के अंतिम दौर में कार्यक्रम प्रभारीका डॉक्टर मृदुला स्वर्णकार द्वारा समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर लीना कुलथिया ने किया। इस अवसर पर विजय कुमार शुक्ला सहायक प्राध्यापक हिंदी साहित्य डॉ राजेश पांडे ए सहायक प्राध्यापक इतिहास छात्राएं एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# निकाली शोभायात्रा, मां कर्माबाई जयंती पर रंगोली भी बनाई

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** साहू समाज ने मंगलवार को मां कर्माबाई जयंती मनाई। शिवधाम कुंडेश्वर में मां कर्माबाई की पूजा-अर्चना के साथ भगवान भोलेनाथ का अभिषेक और हवन पूजन किया गया। पठा दरवाजा के मां कर्माबाई मंदिर में सुबह 9 बजे समाज के लोगों ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना की। मंदिर के आसपास आकर्षक सजावट की गई। छोटी बच्चियों ने रंगोली बनाकर स्वागत किया। दोपहर 1 बजे रौरईया मोहल्ला के धर्मशाला से शोभायात्रा निकाली गई। इसमें मां कर्माबाई की झांकी सजाई गई। यात्रा जवाहर चौक, नझाई रोड, लुकमान चौराहा, सिंधी धर्मशाला, सैल सागर, कोतवाली और गांधी चौराहा होते हुए रौरईया दरवाजा पहुंची। महिलाओं ने धार्मिक गीतों पर नृत्य किया। मार्ग में जगह-जगह भक्तों का स्वागत हुआ।



शाम को धर्मशाला में भंडारा हुआ। कार्यक्रम में साहू समाज अध्यक्ष महेश साहू, उपाध्यक्ष हरलाल साहू, सचिव राजेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष राकेश साहू, दिनेश साहू, राजेंद्र साहू, रमेश साहू, राकेश साहू, जगतराम साहू, रामसेवक साहू, नरेश साहू, बंसीलाल साहू, मुन्ना साहू, सुंदर साहू, भगवानदास साहू, भानु साहू, दशरथ साहू, अजय साहू, प्रदीप साहू, खुशीलाल साहू, हरिओम साहू, राजेश साहू, सुनील साहू, बंटी साहू, दीपक साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के लोग शामिल रहे।

# कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने वन नेशन वन इलेक्शन प्रस्ताव पर दिए सुझाव

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** स्थानीय पीजी कॉलेज में छात्र-छात्राओं के बीच वन नेशन वन इलेक्शन प्रस्ताव पर चर्चा हुई। मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी ने बताया कि पीजी कॉलेज में हुई वन नेशन वन इलेक्शन के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को जाने वाले प्रस्ताव पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने सकारात्मक चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए देश हित में हो रहे। इस निर्णय के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती सरोज राजपूत उपस्थित रही। जिन्होंने प्रस्ताव को पढ़ा और छात्र -छात्राओं से उनकी राय ली। जिसमें साथ में पीजी कॉलेज प्राचार्य केसी जैन, जिला उपाध्यक्ष रोहित खटीक, मनोज देवलिया, इंजी अभय प्रताप सिंह यादव, जनमेजय तिवारी, नरेश तिवारी, स्वप्निल तिवारी तथा अन्य प्रोफेसर शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक व आभार विद्यार्थी परिषद के पूर्व जिला संयोजक अजय सिंह गौर ने किया। जिसमें उनके विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता विशाल पाठक आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं व पदाधिकारीयों ने जिलाध्यक्ष श्रीमती सरोज राजपूत की उपस्थिति में कॉलेज प्रांगण में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में पौधारोपण करते हुए उनकी दीर्घायु की कामना की। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती सरोज राजपूत ने छात्र- छात्राओं को संबोधित करते



हुए कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव की अवधारणा के समर्थन में एक प्रस्ताव प्रस्तुत करते हैं, जिसका उद्देश्य भारत की लोकतांत्रिक ढांचे को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाना है। एक राष्ट्र एक चुनाव का मुख्य उद्देश्य लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ आयोजित करना है, ताकि समय, संसाधन और प्रशासनिक खर्चों की बचत हो सके तथा देश के विकास कार्यों में निरंतरता बनी रहे। बार-बार लगने वाली आदर्श आचार संहिता के कारण विकास परियोजनाएं रुक जाती हैं, एक साथ चुनाव होने से यह बाधा दूर होगी और सरकार अपने विकास कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगी।


**क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड**
**दीन दयाल नगर, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, सागर (म.प्र.)**

**लोक सुनवाई के संबंध में आम सूचना**

भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अधिसूचित पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना क्र. एस.ओ. 1533 (E) दिनांक 14.09.2006 यथा संशोधित प्रावधान अनुसार सर्व संबंधितो को सूचित किया जाता है कि ग्राम- धौकान, धौर्रा एवं उर्दौर्रा, तहसील-पृथ्वीपूर, जिला-निवाड़ी में निम्नानुसार खनन परियोजना की लोक सुनवाई प्रस्तावित है:-

M/s. Pacific Iron Manufacturing Ltd., Dhaukan-Dhaurra Urdaurra Iron Ore Block with Iron Ore Production capacity of 20,57,516.70 TPA & Waste- 26,32,902.80 TPA with Total ROM Capacity of 46,90,419.50 TPA along with Jaw Crusher (500 TPH) & Cone Crusher (500 TPH) in ML Area 153.031 ha located at Village(s) Dhaukan, Dhaurra and Urdaurra, Taluka Prithvipur, District- Niwari (M.P.)

उक्त खदान के प्रबंधक द्वारा State Level Expert Appraisal Committee, Bhopal से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने की प्रक्रिया मे मुख्यालय म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल के समक्ष लोक सुनवाई हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

आवेदक द्वारा उक्त परियोजना की इन्वारमेन्टल इम्पेक्ट असेसमेंट स्टडी रिपोर्ट, उसका कार्यपालक सार (हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में) तथा उक्त दस्तावेजों की डिजिटल प्रतिकृति काम्पेक्ट डिस्क (सी.डी.) में प्रस्तुत की है, जो जन-सामान्य के अवलोकनार्थ सरपंच, ग्राम पंचायत ग्राम-धौकान, धौर्रा एवं उर्दौर्रा, तहसील-पृथ्वीपुर, जिला-निवाड़ी, कलेक्टर कार्यालय निवाड़ी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कार्यालय निवाड़ी, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र निवाड़ी, क्षेत्रीय निदेशक क्षेत्रीय कार्या. पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन ई-5 अरेरा कॉलोनी भोपाल, तथा क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सागर सहित म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की वेबसाइट www.mppcb.nic.in पर भी उपलब्ध रहेगी एवं इच्छुक नागरिक इसका अवलोकन कर सकते हैं।

अत: जिस किसी व्यक्ति को उक्त खनन परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका-टिप्पणी अथवा आपत्ति प्रस्तुत करना हो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर **क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दीन दयाल नगर, सागर** में प्रस्तुत कर सकते हैं।

उक्त खनन परियोजना के संबंध में कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) निवाड़ी द्वारा पत्र क्र. 964 दिनांक. 21.03.2025 के माध्यम से निर्धारित तिथि अनुसार लोक सुनवाई का आयोजन दिनांक. **29.04.2025** दिन-मंगलवार, समय दोपहर 12.00 बजे से अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पृथ्वीपुर, जिला-निवाड़ी की अध्यक्षता में स्थान शासकीय माध्यमिक शाला ग्राम पपावनी खास, तहसील पृथ्वीपुर, जिला-निवाड़ी में किया जावेगा। इच्छुक नागरिक उपरोक्तानुसार लोक सुनवाई में सम्मिलित होकर परियोजना के संबंध में सुझाव, विचार, टीका - टिप्पणी अथवा आपत्ति लिखित/मौखिक रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं।

**क्षेत्रीय अधिकारी**
**म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सागर**

## नर्मदा नियरे

### सार-समाचार

## जिला अस्पताल से चोरी हो गए 170 टीन

**बैतूल, देशबन्धु।** जिला अस्पताल को डिस्मेंटल करने का ठेका लेने वाले ठेकेदार के लिए यह काम शुरू होने से पहले ही सिरदर्द बन गया। 4.55 लाख रुपए में ठेका लेने वाले ठेकेदार देवराज मिश्रा जब अस्पताल पहुंचे, तो वहां पहले से लगे टीन सुरक्षित थे, लेकिन कुछ दिनों बाद जब दोबारा पहुंचे, तो 150 से 170 टीन गायब मिले। चोरी की यह वारदात सामने आते ही ठेकेदार ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर उचित कार्रवाई की मांग की है। मिश्रा का कहना है कि उन्होंने लोक निर्माण विभाग से ठेका लिया था, जिसका ऑर्डर 20 मार्च को जारी हुआ था। इसके तहत उन्हें जिला अस्पताल का डिस्मेंटलिंग कार्य करना था। ठेकेदार देवराज मिश्रा के अनुसार, 10 मार्च को जब वे पहली बार अस्पताल परिसर गए थे, तब वहां बिल्डिंग में टीन मौजूद थे। लेकिन 24 मार्च को जब वे दोबारा पहुंचे, तो वहां से लगभग 150-170 टीन गायब हो चुके थे। उन्होंने इस चोरी की शिकायत एसपी के अलावा कलेक्टर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, और कोतवाली थाना प्रभारी से भी की है। अस्पताल परिसर में हुई इस चोरी ने सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। यह परिसर 24 घंटे सक्रिय रहता है, सीसीटीवी कैमरे भी लगे हैं फिर भी इतनी बड़ी संख्या में टीन कैसे चोरी हो गए यह जांच का विषय है। ठेकेदार ने एसपी से अनुरोध किया है कि जल्द से जल्द इस मामले की जांच कर चोरों का पता लगाया जाए। यदि समय पर कार्रवाई नहीं हुई, तो चोरी का यह सिलसिला आगे भी जारी रह सकता है।

## ट्रैक्टर दिलाने के नाम पर किसानों से ठगी, एसपी से की शिकायत



**बैतूल, देशबन्धु।** जिले के भैंसदेही तहसील के कवड़ीढाना गांव के रहने वाले राजेश विजयकर पर ट्रैक्टर दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगा है। करीब 20 से 25 ग्रामीण एसपी कार्यालय पहुंचे और शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि राजेश विजयकर ने उन्हें भरोसा दिलाया था कि वह उनके लिए ट्रैक्टर की व्यवस्था करेगा और उसकी किश्तें भी खुद चुकाएगा। इसी बहाने उसने ग्रामीणों को सोनालिका ट्रैक्टर शोरूम भैंसदेही ले जाकर उनके आधार कार्ड, ऋण पुस्तिका और अन्य दस्तावेज ले लिए। इसके बाद उसने उनके नाम पर अवैध रूप से ट्रैक्टर फायनेंस करवा लिया, लेकिन ट्रैक्टर ग्रामीणों को सौंपा ही नहीं। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, शोरूम में उनकी फोटो भी ली गई और दो-तीन दिन में ट्रैक्टर देने का वादा किया गया। लेकिन महीनों बीत गए, न ट्रैक्टर मिला और न ही राजेश विजयकर से संपर्क हो पाया। फायनेंसर से मिलीभगत कर उसने ग्रामीणों की जानकारी और सहमति के बिना ही फायनेंसिंग करवा ली और अब किश्तें भी नहीं भर रहा है। गांव के लोगों ने कई बार उसे ढूंढने का प्रयास किया, लेकिन वह फरार है। थाने में शिकायत देने के बावजूद अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। अब ग्रामीणों ने एसपी से गुहार लगाई है कि राजेश विजयकर और उसके साथियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। शिकायत करने वालों में ग्रामीण मंगलसिंह उइके, आहके, दशरथ धुर्वे, संतोष चढ़ोकार, रमेश धुर्वे, रंजन मर्सकोले, वासुदेव अखंडे, ब्रह्मदेव पांसे, रामकिशोर वर्ती, मंगल सिंह परते, दिनेश भलावी, भगत सिंह बारस्कर, विनोद सलामे, गोलू परदेसी, शिवप्रसाद कंगाले, अनिल टेकाम, मुन्ना सरयाम आदि शामिल थे।

## संदीप परमार्थ को मिली डॉक्टरेट की उपाधि



**बैतूल, देशबन्धु।** वरूड, महाराष्ट्र निवासी संदीप परमार्थ को हाल ही में डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया है। संदीप परमार्थ वर्ष 1990 से 2023 तक पाढर हॉस्पिटल में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। 2008 से वह पाढर चर्च में परामर्शदाता के रूप में आध्यात्मिक सेवा से जुड़े हुए हैं। वर्तमान में वे सागर जिले की खुरई तहसील स्थित रिठौर मिशन हॉस्पिटल में फादर के रूप में कार्यरत हैं। संदीप परमार्थ ने चार साल के गहन अध्ययन और लिखित मापदंडों को पूरा करने के बाद यह उपाधि प्राप्त की है। वे ई एल सी चर्च बागथरी और जिला गुना में पास्टर भी हैं। उन्होंने मिशन इंडिया थियोलॉजिकल सेमिनरी, नागपुर से अपनी डॉक्टरेट की डिग्री पूरी की है। इससे पहले वे गुरूकुल लूथरन थियोलॉजिकल सेमिनरी, चेन्नई से भी शिक्षा ग्रहण कर चुके हैं। अपनी इस उपलब्धि को संदीप परमार्थ ने ईश्वरीय सेवा और जनकल्याण के लिए समर्पित किया है। उनकी इस सफलता पर खुरई, गुना, पाढर हॉस्पिटल प्रबंधन और कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। बैतूल से घोड़ाडोंगरी विधायक गंगा उइके, डॉ. महिमा सोलवानी, मीरा एंथोनी, स्पेंसर लाल, योगेश गुप्ता, अजय पीटर, अनुराग मिश्रा सहित उनके कई परिचित मित्रों ने भी बधाई दी है।

# थाने पहुंची ट्रैक्टर और विस्फोटक सामग्री, लेकिन पोकलेन का नहीं कोई अता-पता

**●तहसीलदार बोलीं : पोकलेन थाने के सुपुर्द की, ●थाना प्रभारी बोलीं : हमें नहीं मिली**

**बैतूल, देशबन्धु।** आठनेर तहसील में अवैध विस्फोटक सामग्री मिलने के बाद तहसील प्रशासन और पुलिस विभाग की कार्रवाई सवालों के घेरे में आ गई है। तहसीलदार कीर्ति डेहरिया के अनुसार, जब्त की गई पोकलेन और ट्रैक्टरों को थाना आठनेर के सुपुर्द कर दिया गया था, लेकिन अब खुलासा हुआ है कि ट्रैक्टर और 137 डेटोनेटर तो थाने पहुंच गए, लेकिन पोकलेन का अब तक कोई सुराग नहीं है।

मामला आठनेर तहसील के अंतर्गत तिलकचंद लहरपुरे पिता पन्नालाल लहरपुरे की कृषि भूमि का है, जहां कुआं खुदाई के लिए ब्लास्टिंग की जा रही थी। सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचे और जांच के दौरान 137 नग डेटोनेटर बरामद किए गए। चूंकि इनके पास कोई वैध परमिट नहीं था, इसलिए प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए डेटोनेटर के साथ वहां मौजूद एक पोकलेन और दो ट्रैक्टरों को भी जब्त कर लिया।



जांच में पता चला कि जब्त किए गए ट्रैक्टरों और पोकलेन मशीन पर कोई भी रजिस्ट्रेशन नंबर मौजूद नहीं था। इतना ही नहीं, ट्रैक्टर चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन के दस्तावेज भी नहीं मिले। मौके पर मौजूद मजदूरों की पहचान भी कर ली गई थी। पोकलेन मशीन के मालिक गणेश पिता शरद भरतपुरे, निवासी आठनेर हैं, जबकि ट्रैक्टरों के मालिक प्रदीप उइके पिता शिवदीन उइके हैं। मजदूरों में कज्जू पिता मारोती उइके निवासी रजापुर ढाना, हरि उइके पिता पुरन निवासी नांगाढाना, हरिराम पिता प्यारे पन्द्राम निवासी रगड़गांव और दिनेश उइके पिता रामदास निवासी करजगांव (महाराष्ट्र) शामिल थे।

इस मामले में तहसीलदार कीर्ति डेहरियाने कहा कि जब्त वाहन और विस्फोटक सामग्री थाना आठनेर को सुपुर्द कर दी गई थी और आगे की कार्रवाई पुलिस विभाग को करनी थी। थाना प्रभारी बबीता धुर्वे ने स्पष्ट किया कि 137 डेटोनेटर जब्ती मामले में प्रकरण दर्ज हो चुका है और ट्रैक्टर भी थाने में मौजूद हैं, लेकिन पोकलेन का मामला अलग है। उन्होंने कहा कि पोकलेन को लेकर तहसीलदार ने प्रेस नोट जारी किया था, लेकिन पुलिस को इसकी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई थी।

खास बात यह है कि थाने में पदस्थ एस आई भी घटना के समय मौके पर पहुंचे थे, इसके बावजूद पोकलेन का कोई अता-पता नहीं है। अब सवाल यह उठता है कि आखिर जब्त की गई पोकलेन कहां गई? यदि प्रशासन ने इसे पुलिस को सौंपा था तो फिर यह वाहन थाने क्यों नहीं पहुंचा। सबसे बड़ा सवाल यह है कि बिना किसी लाइसेंस के एक ही व्यक्ति के पास इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक डेटोनेटर आखिर आए कहां से? 137 नग डेटोनेटर खुलेआम मिलना कानून-व्यवस्था और जिले की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

## क्षत्रिय राजपूत समाज ने सांसद का पुतला फूंका

**राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**



**बैतूल, देशबन्धु।** राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा वीर योद्धा महाराणा सांगा पर की गई टिप्पणी के विरोध में क्षत्रिय महासभा में आक्रोश व्याप्त हो गया है। क्षत्रिय महासभा अखंड भारत के नेतृत्व में बड़ी संख्या में समाजजन शिवाजी चौक पर एकत्र हुए और नारेबाजी करते हुए रामजीलाल सुमन का पुतला दहन किया।

इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व ठाकुर जगदीश सिंह राघव ने किया। उन्होंने कहा कि महाराणा सांगा जैसे राष्ट्रभक्त योद्धा को 'गद्दार' कहना पूरे देश का अपमान है। उन्होंने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें मांग की गई कि रामजीलाल सुमन के इस बयान पर तत्काल कड़ी कार्रवाई हो। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि महाराणा सांगा ने अपने जीवन में कई युद्ध लड़े और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने शरीर पर अस्सी गंभीर घाव सहे। ऐसे वीर पुरुष का अपमान देशवासियों को स्वीकार नहीं है। शिवाजी चौक पर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अगर रामजीलाल सुमन अपने बयान पर माफी नहीं मांगते और सरकार उनके खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं करती, तो पूरे देश में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन में ठाकुर जगदीश सिंह राघव के साथ बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग शामिल हुए। उन्होंने चेतावनी दी कि इस तरह की बयानबाजी करने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। पुतला दहन के बाद समाजजनों ने संकल्प लिया कि महाराणा सांगा के सम्मान की रक्षा के लिए वे हर संभव कदम उठाएंगे। इस अवसर पर दौलत सिंह, सौरभ सिह, गीतेश सिंह चौहान, सौर्य प्रताप सिंह सिया सिंह, सौरभ किलेदार, तीरथ सिंह, मयूर सिंह , दिनेश सिंह, राजा सिह,बीएस चौहान संतोष सिंह,राजेश सिह सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

## 8 महीने से बंद नलजल योजना, खाली कुप्पियां लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचीं महिलाएं

**बैतूल, देशबन्धु।** आमला विकासखंड के मालेगांव में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। गर्मी के मौसम में हालात और भी बदतर हो गए हैं। पिछले आठ महीने से गांव की नलजल योजना बंद पड़ी है, जिससे 200 घरों की बस्ती को पानी नहीं मिल पा रहा है। गांव की महिलाएं मंगलवार को एडवोकेट दीपक पाल और श्रेयांश पाल के नेतृत्व में खाली कुप्पियां लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचीं और जनसुनवाई में एडीएम से अपनी समस्या साझा की। उन्होंने जल्द से जल्द समाधान की मांग करते हुए चेतावनी दी कि अगर पानी की समस्या हल नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन करेंगी। मालेगांव की आबादी करीब 3500 है, लेकिन यहां की महिलाएं रोजाना 2 से 3 किलोमीटर दूर खेतों में बने कुओं और हैंडपंपों से पानी भरने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बिछाई गई नलजल योजना की पाइपलाइन दो महीने पहले डाली गई थी, लेकिन आठ महीने से जल आपूर्ति पूरी तरह ठप है। बोरवेल में मोटर गिरने के बाद से अब तक कोई मरम्मत कार्य नहीं हुआ, जिससे पूरा गांव पानी के लिए तरस रहा है। गांव की कंचन पालीवाल, पुष्पा साहू, हर्ष लता, मनीषा, सविता पाल, राजेश पाल, उदय पाल, धीरज, उर्मिला, पूनम साहू और अन्य महिलाओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जल्द समाधान की मांग की। महिलाओं का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन न पंचायत ने ध्यान दिया और न ही पीएचई विभाग ने कोई कार्रवाई की।

ग्रामीणों का कहना है कि मालेगांव में नलजल योजना के लिए पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूरा कर दिया गया, लेकिन पानी की सप्लाई बहाल नहीं हुई। प्रशासनिक लापरवाही



का नतीजा यह है कि भीषण गर्मी में लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। महिलाओं का कहना है कि अब समस्या का हल नहीं निकला तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगी। गांव की महिलाओं ने प्रशासन से अपील की है कि नलजल योजना को शीघ्र चालू किया जाए और जल संकट से जूझ रहे ग्रामीणों को राहत दी जाए। कलेक्टर ने इस मामले में जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि अगर अब भी उनकी समस्या हल नहीं हुई, तो वे सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे।

## गेहूं की खड़ी फसल में लगी आग, लाखों का नुकसान

**चिचोली, देशबन्धु।** गर्मी के शुरू होते ही क्षेत्र में लगातार आगजनी की घटनाएं बढ़ रही है चिचोली तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नहरपुर के किसान करण पिता तेजी उईके ने



मंगलवार को तहसील कार्यालय में तहसीलदार को खेत मे गेहूं की खड़ी फसल मे आग लगने से हुए नुकसान मे आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग को ज्ञापन दिया। किसान करण सिंह ने बताया कि खेत में गेहूं की फसल बोई थी। खेत मे खड़ी फसल में अचानक आग लग जाने से फसल जलकर नष्ट हो गई, जिसमें लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। किसान ने आर्थिक नुकसान मैं सहायता प्रदान करने की मांग की है।

# स्वच्छ भारत मिशन में 13 करोड़ के घोटाले का मामला

### कांग्रेस ने धरना-प्रदर्शन और रैली निकालकर सौपा ज्ञापन

**चिचोली, देशबन्धु।** स्वच्छ भारत मिशन में 13 करोड़ का घोटाला का मामला तुल पकडते जा रहा है। मंगलवार को कांग्रेसियों ने जनपद पंचायत चिचोली के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन में हुए भ्रष्टाचार गबन मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी करवाई की मांग को लेकर जनपद पंचायत के सामने धरना-प्रदर्शन , रैली निकालकर ज्ञापन सौपा।

डॉ रमेश काकोडिया, नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजयआर्य , ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नेकराम यादव के नेतृत्व में मंगलवार को दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर जनपद पंचायत के सामने धरना



,प्रदर्शन, रैली और जिला कलेक्टर के नाम तहसील कार्यालय में अतुल श्रीवास्तव को ज्ञापन सौपा है । कांग्रेसियों ने जयस्तभ चौक पर जमकर नारेबाजी की । कांग्रेसीयो ने ज्ञापन में बताया कि जनपद पंचायत चिचोली और जनपद पंचायत भीमपुर में 13 करोड रुपए वित्तीय अनिमितता होना पाया गया है ।शासकीय राशि के गबन में जनपद सीईओ की अहम भूमिका है । जनपद सीईओ के अनुमोदन से राशि निकल गई है । जिसमें उच्च स्तररीय जांच कर दोषियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने मांग की और उन्होंने आरोप लगाते ही बताया कि स्वच्छ भारत अभियान में दोनों ही जनपदों में कंप्यूटर ऑपरेटर को सम्मिलित होना बताया गया है बिना उच्च अधिकारी के आदेश एवं निर्देशों के भुगतान संबंधी निर्देशों का संपादन किया जाना संभव नहीं है जिसकी सूक्ष्मता से जांच आवश्यक है। शासन की स्वच्छ भारत मिशन के तहत गबन की गई राशियों को दोषियों से वसूला जाए । और दोषियों को हिरासत में लेकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है ज्ञापान देते समय , डॉक्टर रमेश काकोड़िया, राहुल उईके , वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र जैसवाल ,नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय आर्य, ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष नेकराम यादव , नरेंद्र आर्य, बटनू पटेल, अशोक राठौर , जनपद अध्यक्ष सरस्वती काकोडिया ,राहुल पटेल ,अखिलेश पटेल, रुपेश आर्य ,अभिमन्यु यादव, राजू आर्य बहादुर सिंह ,भूपेंद्र आर्य ,नोमेश इवने भूपेंद्रआर्य प्रहलाद काकोडिया महेश उईके ,दिनेश आर्य , शोभू पंडोले , दीपचंद धुर्वे, रूपू आर्य प्रतीक सोनी, कृष्ण पटवारी ,गोरू आर्य शिवम आर्य ,अकरम पटेल, राजेश साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल थे।

# आदिवासियों ने सरकार को दी चेतावनी, जल, जंगल, जमीन नहीं देंगे

- **तापी मेगा रिचार्ज प्रोजेक्ट के विरोध में किया प्रदर्शन**
- **राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन**

**बैतूल, देशबन्धु।** आदिवासी समुदाय ने केंद्र सरकार के प्रस्तावित तापी मेगा रिचार्ज प्रोजेक्ट के विरोध में मंगलवार को जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) के प्रदेश संयोजक जामवन्त सिंह कुमरे के नेतृत्व में करीब 5 हजार आदिवासी बैतूल कलेक्ट्रेट पहुंचे और राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उनका कहना है कि इस परियोजना से मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के सैकड़ों गांव डूब क्षेत्र में आ जाएंगे, जिससे हजारों परिवारों का जीवन संकट में पड़ जाएगा।

आदिवासी समुदाय ने अपने ज्ञापन में स्पष्ट किया कि बिना स्थानीय जनता की सहमति के किसी भी प्रकार की परियोजना शुरू नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने तापी मेगा रिचार्ज प्रोजेक्ट को रद्द करने की मांग की। साथ ही, सरकार को चेतावनी दी कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए वे आंदोलन जारी रखेंगे। ज्ञापन में संविधान की पांचवीं अनुसूची के प्रावधानों का हवाला देते हुए बताया गया कि अनुसूचित क्षेत्रों में बिना ग्रामसभा की सहमति के कोई भी परियोजना लागू करना असंवैधानिक है। उनका आरोप है कि



सरकार आदिवासियों की परंपराओं और संस्कृति को दरकिनार कर विकास के नाम पर जबरन उनकी जमीनें छीन रही है। तापी मेगा रिचार्ज परियोजना बैतूल और खंडवा जिले के 50 गांवों को प्रभावित करेगी। करीब 9 लाख एकड़ भूमि डूब क्षेत्र में आ सकती है, जिससे हजारों लोग विस्थापित हो जाएंगे। आदिवासियों का कहना है कि इस परियोजना से उनके जल स्रोत भी प्रभावित होंगे और आजीविका के साधनों पर संकट आ जाएगा।

ज्ञापन में मेलघाट अभ्यारण्य के विस्तार का भी विरोध किया गया। भैंसदेही और भीमपुर विकासखंड के 25 से 30 गांवों को इस विस्तार के चलते विस्थापन का सामना करना पड़ सकता है। आदिवासी समुदाय का कहना है कि वे पीढ़ियों से जंगलों में रहते आए हैं और उनकी संस्कृति, परंपराएं और धार्मिक मान्यताएं जंगलों से जुड़ी हुई हैं। इसके अलावा, चिल्लौर-नहरपुर परियोजना को लेकर भी आदिवासियों ने चिंता जताई। इस परियोजना से करीब 12 गांवों के लोग विस्थापन की चपेट में आ सकते हैं। ज्ञापन में बताया गया कि इन परियोजनाओं से आदिवासियों की आजीविका पूरी तरह प्रभावित होगी और उन्हें पुनर्वास के नाम पर उचित मुआवजा भी नहीं मिलेगा।

ज्ञापन में मंडला जिले की एक घटना का जिक्र भी किया गया, जहां जंगल से लकड़ी लाने गए एक आदिवासी मजदूर की गोली लगने से मौत हो गई। आरोप है कि प्रशासन ने उसे नक्सली बताकर मामले को रफा-दफा करने की कोशिश की, जबकि वह सिर्फ अपने परिवार के लिए लकड़ी इकट्ठा कर रहा था। आदिवासी संगठनों ने सरकार पर संविधान की पांचवीं अनुसूची और पेसा कानून के उल्लंघन का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें आदिवासी विरोधी नीतियां लागू कर रही हैं, जिससे समुदाय को असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है।

आदिवासी संगठनों ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया, तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए आदिवासी समुदाय हर संभव प्रयास करेगा। इसमें शामिल होने वाले प्रमुखों में ग्रामीण क्षेत्र से आये पदाधिकारी रामा ककोडिया, संदीप मंडावी, राजकुमार मर्शकोले,महंगू पटेल भीमसिंह कुमरे, हरसूद धुर्वे सरपंच, अनिल उइके सरपंच, राजू धुर्वे, जिला संगठन पदाधिकारी हेमंत सरियाम, जामवन्त सिंह कुमरे, रामु टेकाम,संदीप धुर्वे, हेमंत वागद्रे, सोनू धुर्वे, सोनू पांसे रितिक परते आदि मौजूद रहे।

## विवाहिता की मौत, पिता ने लगाया हत्या का आरोप

**आमला, देशबन्धु।** रबांखेड़ी गांव कंचन साहू ने जहर खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। कंचन साहू के पिता मीरचंद साहू ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी को उसके पति और ससुराल वालों ने बहुत प्रताड़ित किया था। उन्होंने



कहा कि उनकी बेटी को कई बार धमकी दी गई थी और उसे घर से निकाल दिया गया था। इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। विवाहिता के पिता मीरचंद साहू ने आरोप लगाया है कि दामाद बबलू साहू और माता-पिता ने मेरी बेटी को जहर देकर मारा है। मीरचंद साहू का कहना है कि सोमवार को कंचन ने फोन करके बुलाया था। कहा पति मुझे बहुत मार रहे हैं, आप आकर समझा दो, नहीं तो यह मुझे मार डालेंगे। तो वह तुरंत रबांखेड़ी गांव पहुंचे और उन्होंने दामाद बबलू साहू को अच्छे से समझाया। उन्होंने कहा दो-चार दिन के लिए मैं अपनी बेटी को घर ले जाता हूं ,जब शांत माहौल हो जाएगा पहुंचा दूंगा, लेकिन दामाद ने कहा तुम निकल जाओ, तुम्हारी कोई जरूरत नहीं, मैं सब देख लूंगा, तो वह बैतूल वापस चले गए। 5:30 बजे जब फोन पहुंचा कि तुम्हारी बेटी अब नहीं रही । मीरचंद साहू का कहना है कि अगर वह बेटी को अपने साथ वापस ले जाते, तो उनकी बेटी आज जिंदा होती। मीरचंद साहू ने बताया कि जब वह अपनी बेटी को लेने गए थे, तो उन्होंने अपनी बेटी को समझाने की कोशिश की थी। लेकिन उनकी बेटी नहीं मानी और कहा कि वह अपने पति के साथ रहना चाहती है। मीरचंद साहू ने बताया कि अगर उनकी बेटी उनके साथ वापस आती, तो वह आज जिंदा होती। मीरचंद साहू ने मांग की है कि उनकी बेटी की हत्या के लिए दामाद बबलू साहू और उसके माता-पिता को सजा मिलनी चाहिए। मीरचंद साहू ने बताया कि वह अपनी बेटी को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

# कर्मा जयंती पर दिन भर चला सेवा गतिविधियों का आयोजन



**बैतूल, देशबन्धु।** युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल के तत्वाधान में आज साहू समाज की अधिष्ठात्री देवी भक्त शिरोमणि मां कर्मा जयंती पर दिनभर सेवा गतिविधियों के आयोजन किये गये।

सुबह 8 बजे श्रीकृष्ण मंदिर बैतूल गंज में गोपाल साहू, अजय जीतपुरे, डी आर साहू, संजयसाहू, ममता साहू, रितिका साहू ने भगवान श्री कृष्ण को विशेष भोग लगाकर भक्त शिरोमणि मां कर्मा जयंती पर होने वाली सेवा गतिविधियों का शुभारंभकिया। सुबह 8:30 बजे जिला अस्पताल में 235 लोगों को अंकुरित आहार का वितरण किया गया। सुबह 10 उड़दन स्थित मातोश्री वृद्ध आश्रम में वृद्ध जनों को दैनिक जीवन में आने वाली आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया गया। सुबह 11:30 जिला चिकित्सालय बैतूल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें समाज के लोगों ने रक्तदान किया सभी रक्तदाताओं को 18 मई दिन रविवार को भक्त शिरोमणि मां कर्मा सम्मान प्रदान किया जाएगा। दोपहर 12 बजे जिला चिकित्सालय स्थित भोजन शाला में भगवान श्री कृष्ण को दाल ,चावल, सब्जी ,रोटी ,खीर,पापड़ का भोग लगाकर मरीजो के परिजनों को भरपेट भोजन खिलाया गया। दोपहर में पापमोचनी एकादशी के अवसर पर भगवान श्री कृष्ण का विशेष पंचामृत अभिषेक किया गया। एकादशी महोत्सव समारोह के बाद विधायक हेमंत खंडेलवाल द्वारा भक्त शिरोमणि मां कर्मा के चित्रों का विमोचन किया गया। गोपाल साहू ने बताया कि जिलेभर में माता कर्मा के 3000 चित्रों का वितरण किया जाएगा।

## बुजुर्गों व मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

श्री बाथरी साहू समाज ट्रस्ट समिति आठनेर द्वारा मां कर्मा माता जन्मोत्सव का आयोजन श्री राम मंदिर मंगल भवन आठनेर में धूमधाम से किया गया। इस मौके पर मां कर्मा की पूजा, हवन और आरती के साथ समाज के बुजुर्गों का सम्मान किया गया।



सम्मान पाकर बुजुर्ग भावुक हो उठे। कार्यक्रम में क्षेत्र के 52 गांवों से बड़ी संख्या में समाजजन पहुंचे। इस अवसर पर वर्ष 2023 और 2024 के मेधावी छात्र-छात्राओं (10वीं और 12वीं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले) तथा सरकारी सेवा में नियुक्त और विशिष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले युवाओं को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा कृषि भूमि ठेका नीलामी भी की गई। इस दौरान समाज के लोगों ने एकजुटता का संदेश देते हुए समाज की रक्षा और उत्थान के लिए संकल्प लिया। साहू समाज के अध्यक्ष बंशीलाल साहू ने बताया कि हर साल श्री बाथरी साहू समाज द्वारा मां कर्मा के जन्मोत्सव पर भव्य आयोजन किया जाता है, जिसमें 52 गांवों से लोग आकर सामाजिक एकता का परिचय देते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के पुरुष, महिलाएं और युवा शामिल हुए और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का संकल्प लिया।

मुख्यमंत्री ने कुष्ठ रोगियों के साथ मनाया अपना जन्मदिन, बोले-

# सरकार हर कदम पर नागरिकों के साथ





**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुष्ठ रोगियों के साथ अपना जन्मदिन मनाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गांधीनगर स्थित महात्मा गांधी कुष्ठ आश्रम पहुंच कर कुष्ठ रोगियों पर पुष्प वर्षा के साथ अभिवादन कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कुष्ठ रोगियों को भोजन परोसा तथा फल, खाद्य सामग्री, वस्त्र और दैनिक उपयोग की सामग्री भेंट की।

## कुष्ठ आश्रम पहुंच कर कुष्ठ रोगियों को भोजन परोसा, सामग्री भेंट की

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आश्रम में उपस्थित मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में कहा कि राज्य सरकार नागरिकों के हर प्रकार के कष्ट में साथ खड़ी है। ऐसे लोगों के बीच आकर एक प्रकार से आत्मीय सुख प्राप्त होता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश को विकास के पथ पर अग्रसर रखते हुए आगे लेकर जाना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिन की शुरुआत मुख्यमंत्री निवास स्थित मंदिर में सपरिवार पूजा अर्चना कर की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवास स्थित गौशाला में गौ माता की सेवा कर प्रदेशवासियों के कल्याण के लिए प्रार्थना की तथा विकसित मध्यप्रदेश के सभी संकल्प पूर्ण करने के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया।

## मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने दी बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के जन्म दिवस पर उन्हें बधाई देने के लिए बड़ी संख्या में मंत्री अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मुख्यमंत्री निवास पहुंचे। इनमें उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं राजेंद्र शुक्ल, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसीराम सिलावट, गोविंद सिंह राजपूत, विश्वास सारंग, एंदल सिंह कंषाना, इंदर सिंह परमार, राकेश शुक्ला, श्रीमती कृष्णा गौर, धर्मेंद्र सिंह लोधी, विधायक रामेश्वर शर्मा सहित बड़ी संख्या में विधायकों के अलावा मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, आयुक्त जनसंपर्क डॉ. सुदाम खाड़े प्रमुख हैं। वहीं कार्यकर्ताओं, सामाजिक और स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा, मिष्ठान वितरण और वाद्ययंत्रों के माध्यम से अपनी प्रसन्नता और उत्साह का प्रकटीकरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को गदा और कृपाण भी भेंट की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को कार्यकर्ताओं ने विशाल पुष्प हार पहनाकर जन्म दिन की बधाई दी।

स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय नवोन्मेष 2025 का शुभारंभ

# उद्योग जगत के लिए तैयार कार्यबल का सृजन शैक्षणिक परिसरों से सुनिश्चित हो : परमार



**भोपाल, देशबन्धु।** वर्तमान परिदृश्य में उद्योग जगत, स्किल्ड कार्यबल के अभाव से जूझ रहा है। शैक्षणिक संस्थानों को तकनीक का उपयोग कर उद्योग जगत के लिए स्किल्ड कार्यबल तैयार करने की आवश्यकता है। शैक्षणिक संस्थानों की दीर्घ तपस्या और अथक प्रयासों से स्किल्ड पेशेवरों की कमी को दूर करने में सहायता मिलेगी, जिससे उद्योग जगत को योग्य कर्मियों की आवश्यकता पूरी हो सकेगी। यह बात उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने मंगलवार को भोपाल स्थित स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में, नवाचार एवं उद्यमशीलता की भावना को प्रोत्साहित करने के संदर्भ में आयोजित दो दिवसीय नवोन्मेष-2025 कार्निवल के शुभारम्भ अवसर पर कही। मंत्री श्री परमार ने नवाचार एवं उद्यमिता के संदर्भ में कार्यक्रम आयोजन के लिए संस्थान परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। श्री परमार ने कहा कि स्किल्ड समाज निर्माण में संस्थान का यह योगदान, अभिप्रेरक बनेगा।

मंत्री श्री परमार ने कहा कि तकनीकी शिक्षा में हिंदी भाषा में शब्दकोष होना चाहिए, इससे विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा में तकनीकी ज्ञान प्राप्त करने में सुविधाजनक सुलभता होगी। इसके लिए हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व का भाव जागृत करने की आवश्यकता है। श्री परमार ने कहा कि विश्व के विभिन्न देशों ने अपनी मातृ-भाषाओं में शिक्षा पद्धति विकसित कर, अपने देश को विश्वमंच पर स्थापित किया है।

## तकनीकी शिक्षा के हिंदी भाषा में शब्दकोश की आवश्यकता

श्री परमार ने कहा कि भारत की ज्ञान परम्परा; विज्ञान, चिकित्सा और तकनीकी शिक्षा से समृद्ध रही है। श्री परमार ने कहा कि यहां जो स्टार्टअप्स आए हैं, वे रोजगार सृजन में अहम भूमिका निभाएंगे। मंत्री श्री परमार एवं आईसेक्ट ग्रुप के चेयरमैन एवं कुलाधिपति संतोष चौबे, स्कोप ग्लोबल स्किल विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, ब्रेनी बियर प्रीस्कूल और एक्टिविटी क्लब चेन की संस्थापक डॉ. पल्लवी राव चतुर्वेदी द्वारा सृजित पेंगुइन पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित पुस्तक बिग कंट्री, लिटिल बिजनेस का विमोचन किया। इस कार्निवल का उद्देश्य उद्यमिता, रचनात्मकता और प्रौद्योगिकी-संचालित समाधानों को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर आईसेक्ट ग्रुप की निदेशक डॉ अदिति चतुर्वेदी वत्स, एआईसी-आरएनटीयू के निदेशक डॉ. नितिन वत्स एवं रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो आर.पी. दुबे सहित विभिन्न उद्यमी, उद्योगजगत के लीडर्स, निवेशक, प्राध्यापक, विद्यार्थी, शोधार्थी एवं अन्य विद्वतजन उपस्थित थे। स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ. विजय सिंह ने आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने किया जनसंपर्क विभाग के मोबाइल ऐप का लोकार्पण

# सरकार की नीतियों, योजनाओं और समाचारों की त्वरित व सटीक जानकारी मिलेगी

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में जनसंपर्क विभाग द्वारा विकसित मोबाइल ऐप का लोकार्पण किया। इस ऐप से प्रदेशवासियों को सरकार की नीतियों, योजनाओं और महत्वपूर्ण समाचारों की त्वरित व सटीक जानकारी सीधे मोबाइल पर ही प्राप्त हो सकेगी। मोबाइल ऐप पर समाचार, फोटो गैलरी, वीडियो गैलरी, मंत्री परिषद के निर्णय, आलेख, विभिन्न विभागों की वेबसाइट के लिंक, जिलों के समाचार तथा मंत्रिमंडल के सदस्यों, कमिश्नर और कलेक्टर की सूची आसानी से प्राप्त हो सकेगी। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े, संचालक जनसम्पर्क अंशुल गुप्ता तथा सोशल मीडिया विशेषज्ञ उपस्थित थे।






आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. खाड़े ने अवगत कराया कि जनसम्पर्क विभाग के पोर्टल mpinfo.org का Android Based मोबाइल ऐप तैयार किया गया है। मोबाइल ऐप में मुख्यमंत्री के लाइव कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण देखा जा सकेगा। मुख्यमंत्री एवं मंत्रीगण से जुड़े समाचार सिंगल क्लिक पर ऐप में उपलब्ध होंगे। ऐप पर स्क्रीन रीडर की भी सुविधा दी गई है, जिससे यूजर आसानी से समाचार सुन सकेंगे। उन्होंने बताया कि ऐप में वॉइस सर्च की सुविधा दी गई हे, जिससे यूजर आसानी से आवश्यकता अनुसार कंटेंट सर्च कर सकते हैं। ऐप पर व्हाट्सऐप एवं अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर शेयर करने की लिंक भी दी गई है, इससे सुगमता से कंटेट को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर शेयर किया जा सकेगा। मोबाइल ऐप पर पुश नोटिफिकेशन की सुविधा भी दी गई है, इसके माध्यम से समाचार को सभी यूजर्स तक पुश किया जा सकता है।

## राज्य स्तरीय सहकारिता सम्मेलन आज

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 26 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष का राज्य स्तरीय सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। सम्मेलन अपेक्स बैंक परिसर स्थित समन्सय भवन में भोपाल में सुबह 10 बजे से शुरू होगा। सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव सहकारिता एवं प्रशासक अपेक्स बैंक अशोक बर्णवाल, प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी उमाकांत उमराव, प्रमुख सचिव मत्स्य पालन डी.पी. आहूजा उपस्थित रहेंगे।

## कांग्रेस का आरोप : मंत्री प्रतिमा बागरी ने फर्जी जाति प्रमाण पत्र हासिल किया

**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस ने नगरीय प्रशासन राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी पर फर्जी प्रमाण पत्र के जरिए आरक्षण का लाभ लेने का आरोप लगाया है। कांग्रेस का आरोप है कि प्रशासन की मिलीभगत से फर्जी जाति प्रमाण पत्र हासिल कर आरक्षित सीट से उन्होंने चुनाव लड़ा। कांग्रेस के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार इन आरोपो के साथ ही उन्होंने राज्य सरकार से बागरी के प्रमाण पत्र की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। अहिरवार ने बताया कि बागरी ने नियमों का उल्लंघन कर फर्जी प्रमाण पत्र हासिल किया है, इसलिए उनके खिलाफ कांग्रेस कानूनी कार्रवाई करेगी और उच्च न्यायालय में गुहार लगाएगी। अहिरवार ने नियमों के हवाले से बताया कि बागरी जाति को 1961 और 1971 की जातीय जनगणना में अनुसूचित जाति दर्ज नहीं मिला था। वर्ष 2003 में मध्यप्रदेश सरकार और 2007 में भारत सरकार ने इस संबंध में राजपत्र जारी कर स्थिति को स्पष्ट किया। जिसमें यह उल्लेख किया गया था कि राजपूत-ठाकुर समुदाय के 'बागरी' जाति के लोग अनुसूचित जाति का लाभ नहीं ले सकते। अहिरवार का आरोप है कि इसके बाद भी बागरी और उनके परिवार ने फर्जी जाति प्रमाण पत्र हासिल कर आरक्षित सीट से चुनाव लड़ा और मंत्री पद हासिल किया। अहिरवार ने आरोप लगाया कि उनका यह कृत्य आरक्षण के वास्तविक हकदारों के अधिकारों पर अतिक्रमण है।

# विजयदत्त श्रीधर को मिला हिन्दी जगत का सर्वोच्च सम्मान 'साहित्य वाचस्पति'



**आणन्द/भोपाल, देशबन्धु।** हिन्दी साहित्य सम्मेलन,प्रयाग ने माधवराव सप्रे समाचार पत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान, भोपाल के संस्थापक- संयोजक एवं 'पद्मश्री' सम्मान विभूषित विजयदत्त श्रीधर को हिन्दी जगत के सर्वोच्च सम्मान 'साहित्य वाचस्पति' से सम्मानित किया है। श्रीधर जी को यह सम्मान यहां वल्लभ विद्यानगर स्थित सरदार पटेल विश्वविद्यालय सभागार में हिन्दी साहित्य सम्मेलन के 76वें अधिवेशन के खुला अधिवेशन में दिया गया। उनके साथ यह सम्मान संस्कृत विद्वान पूर्व कुलपति 'अभिराज' राजेन्द्र मिश्र और सरदार पटेल विश्वविद्यालय के कुलपति निरंजन कुमार पूरनचंद पटेल को भी प्रदान किया गया।

उक्त सम्मान हिन्दी साहित्य सम्मेलन के सभापति आचार्य सूर्यप्रसाद दीक्षित और सम्मेलन के प्रधानमंत्री कुंतक मिश्र ने प्रदान किया। सम्मान के पूर्व श्रीधर जी की प्रशस्ति पढ़ी गयी। उसमें पत्रकारिता और साहित्य में उनके योगदान का जिक्र हुआ। श्रीधर जी ने अपने सम्मान के बाद उपस्थित विद्वानों, अधिवेशन के प्रतिनिधियों और अन्य लोगों को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के जिस मंच पर खड़ा होना सौभाग्य का विषय हुआ करता है, वहां सम्मानित होना गौरव की बात है। उन्होंने समय रहते महत्वपूर्ण संगठनों में समय रहते युवा नेतृत्व को सामने लाना आवश्यक बताया। श्री श्रीधर को अधिवेशन के राष्ट्रभाषा परिषद के सभापति का भी दायित्व दिया गया। ज्ञातव्य है कि सम्मेलन के इस सत्र के सभापति का दायित्व निभाने वालों में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भी शामिल रहे हैं। इसी तरह साहित्य वाचस्पति की मानद उपाधि ग्रहण करने वालों में महात्मा गांधी, मदनमोहन मालवीय, माधव राव सप्रे और कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी जैसी विभूतियां शामिल रहीं।

पत्रकार की गिरफ्तारी के विरोध में मीडियाकर्मियों ने दिया धरना, किया चक्काजाम

# कुलदीप को मिली जमानत, थाना प्रभारी लाईन हाजिर

## पत्रकारों के बीच पहुंचे भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी, मुख्यमंत्री से की बात



**भोपाल, देशबन्धु।** पत्रकार कुलदीप सिंगोरिया की गिरफ्तारी के विरोध में पत्रकार एकजुट हो गए और थाने पर प्रदर्शन किया, जिसके बाद जहां थाना प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया गया है, वहीं सिंगोरिया को न्यायालय ने जमानत दे दी है। इससे पहले पत्रकारों ने थाना परिसर में धरना दिया और पुलिस मुख्यालय के सामने चक्काजाम भी किया।

दरअसल सोमवार रात कटारा हिल्स पुलिस ने वरिष्ठ पत्रकार कुलदीप सिंगोरिया को एक कथित दुर्घटना और अड़ीबाजी का मामला बनाकर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस का दावा है कि यह कार्रवाई एक सफेद बोलेरो गाड़ी से जुड़े हादसे के बाद हुई। वहीं, पत्रकारों का कहना है कि यह गाड़ी न तो कुलदीप की है और न ही वे घटना के समय उसमें मौजूद थे। इसके बाद भी पुलिस ने गैर-जमानती और गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कर सिंगरोलिया को गिरफ्तार कर लिया।

जिसके बाद पत्रकार एकजुट होकर थाने पहुंच गए। पत्रकारों ने आरोप लगाया कि कुलदीप के खिलाफ कटारा हिल्स थाने में दर्ज अड़ीबाजी की शिकायत पूरी तरह से मनगढ़ंत है। उन्होंने इसे पुलिस की पक्षपातपूर्ण कार्रवाई बताया। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल भी उनके साथ थे। उन्होंने मुख्यमंत्री से बात कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। बाद में मुख्यमंत्री ने इस मामले में डीजीपी को कार्रवाई के निर्देश दिए। मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अवधेश गोस्वामी ने जांच के आदेश जारी किए और टीआई को लाइन हाजिर कर दिया गया। शाम होते-होते कुलदीप को जमानत मिल गई।

पत्रकारों ने कहा कि शिकायतकर्ता शेख अकील की शिकायत के बाद पुलिस ने बिना जांच-पड़ताल के सिंगोरिया को नामजद आरोपी बना दिया। पत्रकारों का कहना है कि कुलदीप और शेख अकील के बीच कोई पूर्व से जान-पहचान भी नहीं है।

## कमलनाथ और पटवारी ने की निंदा

वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पत्रकार सिंगोरिया की गिरफ्तारी की निंदा की। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार मीडिया की आवाज को दबाना चाहती है। दोनों नेताओं ने इस मामले में पत्रकार की रिहाई और पुलिस के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

वहीं इस मामले में उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने मांग की है कि पत्रकारों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा कानून लाया जाना चाहिए।

## भूमि कानून किसान विरोधी : पटवारी

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने लैंड पुलिंग एक्ट को किसान विरोधी बताते हुए मंगलवार को कहा कि इसके खिलाफ सभी को एकजुट होना चाहिए। पटवारी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश के जरिए कहा कि लैंड पुलिंग एक्ट किसान से जमीन छीनने की सरकारी साजिश है। यदि इसके खिलाफ मुखर आवाज नहीं उठाई तो भविष्य में रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। आइए, धरती मां के लिए जुटते हैं। किसानों के लिए फिर मिलकर लड़ते हैं। पटवारी ने कहा कि कल राज्य सरकार लैंड पुलिंग एक्ट लायी है, जिसके तहत जमीन अधिग्रहण के बाद पचास प्रतिशत जमीन किसान को दी जाएगी और शेष पर सरकार कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि इसी तरह का कानून तत्कालीन शिवराज सरकार भी लायी थी, लेकिन उसे उस समय यह वापस लेना पड़ा था। इस तरह का कानून कभी भी कोई अन्य सरकार नहीं लायी। उन्होंने कहा कि इसलिए राज्य सरकार को भी इस तरह का काला कानून वापस लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस कानून का पुरजोर विरोध करेगी।

## फार्मर रजिस्ट्री आईडी जनरेट करने में देश में प्रथम मध्यप्रदेश

**भोपाल, देशबन्धु।** फार्मर रजिस्ट्री के तहत फार्मर आईडी जनरेट करने में मध्य प्रदेशदेश में प्रथम स्थान पर हैं। प्रदेश में अब तक 72 लाख से अधिक फार्मर आईडी बनाई जा चुकी हैं। फार्मर आई डी बनाने का कार्य राजस्व विभाग का अमला किसान भाइयों के सहयोग से विशेष कैम्प लगा कर कर रहा है। प्रमुख सचिव राजस्व विवेक पोरवाल फार्मर रजिस्ट्री आईडी जनरेट करने के कार्य की सतत मानीटरिंग कर रहे हैं।

आयुक्त भू-अभिलेख श्रीमती अनुभा सिंह ने बताया कि केन्द्र सरकार की एग्रीस्टेक परियोजना अंतर्गत प्रदेश में किसानों के लिए फार्मर रजिस्ट्री की शुरुआत की गई हैं। इसमें प्रत्येक किसान के लिए एक यूनिक फार्मर आईडी बनायी जा रही है। फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों का एक डाटावेस तैयार किया जा रहा है।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री ने बैठक में की समीक्षा, कहा-

# कमजोर वर्ग के आवासों का निर्माण हाउसिंग बोर्ड की प्राथमिकता

## इंदौर में बनेगा व्यावसायिक टॉवर, हुकुमचंद मिल परिसर का होगा कायाकल्प

**भोपाल, देशबन्धु।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मध्यप्रदेश हाऊसिंग बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि बोर्ड समाज के मध्यम और कमजोर वर्ग के आवासों की आवश्यकता को पूरा करने को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि बोर्ड अपने कामों की गुणवत्ता से आम जनता के बीच में अपनी साख को और मजबूत करे। उन्होंने कहा कि बोर्ड अपने प्रत्येक प्रोजेक्ट की गहन समीक्षा करे और इसे नियत समय सीमा में पूरा किया जाये। मंत्री श्री विजयवर्गीय आज भोपाल में मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल के निर्माण कार्यों की बैठक में समीक्षा कर रहे थे। बैठक में अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास संजय शुक्ला भी मौजूद थे। मंत्री श्री विजयवर्गीय द्वारा अगले 2 माह में बोर्ड की पुन: समीक्षा की जायेगी।



मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि बोर्ड के कॉमर्शियल परिसर के समय पर पूरा होने पर क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी और युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि बोर्ड की योजनाओं में विभिन्न एजेंसियों के बीच में किसी तरह की देरी होती है, उसे उनके द्वारा दूर करने का ठोस प्रयास किया जायेगा। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि बोर्ड जिन आवासीय और व्यावसायिक परिसरों का विकास करता है, भविष्य में वे अच्छी तरह मेंटेन रहें। उनका नामकरण महान हस्तियों के नाम पर किया जाये। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौर के हुकुमचंद मिल परिसर में बनने वाला व्यावसायिक टॉवर आइकॉनिक हो, इसका ध्यान रखा जाये। बैठक में बताया गया कि हाऊसिंग बोर्ड द्वारा पिछले 5 वर्षों में 815 करोड़ रूपये की संपत्तियों का विक्रय गया है। हाऊसिंग बोर्ड द्वारा अब तक प्रदेश में 3 लाख 50 हजार से अधिक आवास इकाइयां विकसित की जा चुकी हैं। बैठक में आवासीय, अटल आश्रय, पुनर्घनत्वीकरण, पुनर्निमाण और सु-राज योजना की समीक्षा की गई। प्रदेश में पुनर्घनत्वीकरण की 106 योजनाएं, जिनकी निर्माण लागत 5 हजार 770 करोड़ रूपये के करीब है, इन पर काम चल रहा है।

अपर मुख्य सचिव संजय शुक्ला ने बताया कि हाऊसिंग बोर्ड की कार्य क्षमता बढ़ाने के लिये रिक्त पदों पर विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से भर्ती किये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बोर्ड के परिसर को हरा-भरा रखने के लिये पौध-रोपण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि बोर्ड की मार्केटिंग प्रणाली को मजबूत करने के लिये भी प्रायवेट एजेंसी का सहयोग लेने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

# दिखी गंगा जमुनी तहजीब, होली मिलन के साथ हुआ रोजा अफ्तार

**इंदौर, देशबन्धु।** उज्जैन रोड पर ग्राम जैतपुरा में आज गंगा जमुनी तहजीब की झलक देखने को मिली। यहां होली मिलन के साथ रोजा अफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संयुक्त रूप से मुनीमजी रिसोर्ट में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व केन्द्रीय मंत्री और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव अनिल शास्त्री शामिल हुए। उनके साथ ही वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. अमिता नीरव, कार्टूनिस्ट इस्माइल लहरी, शिक्षाविद् डॉ राजेश नीरव, पत्रकार हेमंत मालवीय, गिरीश मालवीय, प्रदेश कांग्रेस सचिव जयसिंह ठाकुर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष सदाशिव यादव, रीना बौरासी, अमन बजाज, बंटी राठौड़, राजेन्द्र मालवीय, अतीकउल्लाह ख़ान (कैप्टन) और पत्रकार मिर्ज़ा ज़ाहिद बेग़ ने भी संप्रदायिक सद्भाव और आत्मीयता से भरे इस आयोजन में शिरकत की। श्री शास्त्री ने अपने संक्षिप्त संदेश में सभी लोगों से वतन की भाईचारे की रवायत क़ायम रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमारा देश गौतम बुद्ध और महात्मा गांधी जैसे शांति के मसीहाओं के लिए दुनियाभर में जाना जाता है। श्री शास्त्री हमें उनके पदचिन्हों पर चलकर देश की तरक्की के लिए हर हाल में अमनो-अमान कायम रखना है। रोज़ा इफ़्तार के बाद मौलाना हफीजुर्रहमान द्वारा मुस्लिम बंधुओं को मग़रिब की नमाज़ अदा करवाई। उसके बाद मुल्क में अमनो-अमन और भाईचारे की कायमी के लिए दुआ की गई। उसके बाद सबने एक दूसरे को होली और ईद उल फितर की दिली मुबारक़बाद दी। मुनीमजी फ़ैमिली की ओर से सलीम पटेल, शरीफ पटेल, अंजुम पटेल, जाकिर पटेल, फिरोज पटेल और जावेद पटेल ने इस शानदार दावत की मेज़बानी की।



पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।